


आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच




वर्ष : 26 | अंक : 71 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शनिवार, 02 मार्च, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

# 2017 से पहले भूख से मरते थे लोग : मुख्यमंत्री

## सीएम योगी ने नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवनों का किया लोकार्पण



लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज प्रदेश के विभिन्न जनपदों में नवनिर्मित 1,100 अन्नपूर्णा भवनों (मॉडल उचित दर दुकानों) का लोकार्पण और 79,000 उचित दर दुकानों पर ई-वेइंग स्केल लिंक्ड ई-पॉस मशीनों के माध्यम से खाद्यान्न वितरण का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उप्र के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व अन्य मंत्री मौजूद रहे।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश खाद्यान्न वितरण के माध्यम से इस योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने की शुरूतात कर रहा है। इसके लिए 80 हजार मॉडल शॉप संचालकों को भी बधाई। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में हर गरीब को उत्तर प्रदेश के अंदर खाद्यान्न उपलब्ध कराने में सफल हुए हैं। 2017 से पहले एक चुनौती थी। जरूरतमंदों को राशन नहीं मिल पाता था। उनके नाम पर राशन कार्ड होता था लेकिन उसे पता ही नहीं होता था। उसके नाम का राशन कोई और डकार जाता था।


2017 से पहले प्रदेश के कई जनपदों में भूख से भी मौतें होती थी। जब खाद और रसद विभाग में तकनीक का प्रयोग किया गया तो पारदर्शिता आई। उन्होंने कहा कि पहले एफसीआई गोदाम से आया राशन बीच रास्ते से गायब हो जाता था (शेष पृष्ठ-4 पर)

# राजनीति की पिच पर अब बैटिंग नहीं करेंगे गौतम गंभीर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्वी दिल्ली के सांसद गौतम गंभीर राजनीति की पिच पर अब बैटिंग नहीं करेंगे। उन्होंने इसे लेकर एक पोस्ट किया। गंभीर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने पोस्ट में थैंक्स कहा। दरअसल, गंभीर अब क्रिकेट पर ही फोकस करना चाहते हैं। गौतम गंभीर 2019 में लोकसभा चुनाव जीतकर संसद पहुंचे थे। वर्तमान में वो आईपीएल टीम कोलकाता नाइट राइडर्स टीम के मेंटर हैं।

गंभीर ने सोशल मीडिया पर आज एक पोस्ट शेयर किया, इसमें उन्होंने लिखा- मैंने माननीय पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से अनुरोध किया है कि वो मुझे मेरे राजनीतिक कर्तव्यों से मुक्त करें ताकि मैं अपनी आगामी क्रिकेट प्रतिबद्धताओं पर ध्यान केंद्रित कर सकूं। मैं माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को हृदय से धन्यवाद देता हूं। इसके साथ ही उन्होंने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को टैग करते हुए लिखा- मुझे लोगों की सेवा करने का अवसर देने के लिए, जय हिन्द।

गौतम गंभीर फिलहाल पूर्वी दिल्ली से बीजेपी के टिकट पर



**गंभीर का पोस्ट : मैं माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को हृदय से धन्यवाद देता हूं।**

लोकसभा सांसद हैं। उन्होंने पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से 2019 में बंपर जीत हासिल की थी। तब गंभीर ने कांग्रेस उम्मीदवार अरविंदर सिंह लवली को 3,91,222 वोटों से हराया था।

# 'ससुराल वाले मेरी व बेटी की हत्या कर देंगे'

## विवाहिता ने दर्ज कराई एफआईआर

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना दनकौर में एक महिला ने अपने ससुराल वालों के खिलाफ दहेज के लिए प्रताड़ित करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। विवाहिता का आरोप है कि उसके ससुराल वाले दहेज लोभी हैं और लालचवश कभी भी उसकी तथा उसकी बेटी की हत्या कर सकते हैं।

मंजू (काल्पनिक नाम) ने बताया कि उसकी शादी 19 फरवरी 2022 को जुनेदपुर गांव निवासी इंद्रजीत के साथ हुई थी। शादी के समय उसके पिता ने काफी दान-दहेज दिया था। इसके बावजूद भी ससुराल वाले उससे संतुष्ट नहीं थे। शादी के कुछ समय बाद ही उस पर मायके से दहेज लाने का दवाब डाला जाने लगा। उसने जब मायके से और दहेज लाने से इनकार कर दिया तो ससुराल वालों ने उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया।। पीड़िता के मुताबिक उसकी ननद शैली, नंदोई हर्ष, तनु आदि उसके पति और सास को उसके खिलाफ भड़काते हैं। 26 फरवरी को उसके पति इंद्रजीत, सांस, नंदोई ने उसके साथ मारपीट कर उसे जान से मारने की धमकी दी और उसे घर से निकाल दिया। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# कोरियर में ड्रग्स का डर दिखाकर महिला के साथ ठगी

**नोएडा (चेतना मंच)।** कोरियर पार्सल में ड्रग्स व आपत्तिजनक सामान होने का भय दिखाकर साइबर ठगों ने एक महिला से 375278 रुपए अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए। साइबर ठग ने मोबाइल फोन पर महिला को इस कदर भयभीत कर दिया कि वह परिजनों तक से बात नहीं कर पाई और उसने डर की वजह से तुरंत पैसे ट्रांसफर कर दिए। महिला के पति ने थाना सेक्टर 39 में मुकदमा दर्ज कराया है।

सेक्टर 45 से स्थित एक सोसायटी में रहने वाले चिराग वासने ने बताया कि बीते दिनों उनकी पत्नी के पास फ़ेडेक्स कोरियर सर्विस से एक कॉल आई। फोन करने वाले ने बताया कि उनके नाम पर एक कोरियर मुंबई से ताइवान जा रहा था जिसे कस्टम अधिकारियों ने जप्त कर लिया है। इस कोरियर से ड्रग्स के अलावा आपत्तिजनक सामान मिला है इसके बाद फ़ेडेक्स कोरियर सर्विस के कर्मचारियों ने उसकी कॉल को एक पुलिस अधिकारी के पास ट्रांसफर कर दिया। पुलिस अधिकारी ने उसे जेल भेजने का भय दिखाकर उनसे अकाउंट डिटेल ले ली। नकली पुलिस अधिकारी ने बताया कि उनके कोरियर से ड्रग्स तथा आपत्तिजनक सामान मिले हैं इस कारण उन्हें जेल हो सकती है। खुद के पुलिस अधिकारी होने का भरोसा दिलाने के लिए उसकी पत्नी के मोबाइल फोन पर (शेष पृष्ठ-4 पर)

## रिटायर्डमेंट की पार्टी में फायरिंग

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** चीरसी गांव में एक व्यक्ति के रिटायरमेंट की पार्टी में पड़ोस के युवकों ने रंग में भंग डाल दी। पार्टी में आए रिश्तेदारों के साथ युवकों ने गाली गलौज की और विरोध करने पर फायरिंग कर दी। पीड़ित ने थाना कासना में दो सगे भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

ग्राम चीरसी निवासी ओमकार ने बताया कि उनके भाई सतवीर कृषि विभाग से रिटायर हुए थे 29 फरवरी को घर पर उनकी रिटायरमेंट के उपलक्ष में पारिवारिक प्रोग्राम रखा गया था। इस प्रोग्राम में रिश्तेदार आ जा रहे थे गांव के ही सुमित व सचिन पुत्र मनवीर ने उनके रिश्तेदारों के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी।

उन्होंने जब इस बात का विरोध किया था आरोपियों ने तमंचे से फायरिंग कर दी फायरिंग होते ही रिश्तेदारों में अफरा तफरी मच गई फायरिंग करने के बाद दोनों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

# ट्यूशन व सब्जी लेने गई किशोरियां लापता

**नोएडा (चेतना मंच)।** घर से ट्यूशन पढ़ने तथा सब्जी लेने के लिए निकली दो किशोरिया संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। किशोरियों के न मिलने पर परिजनों ने थाने में अपहरण का मामला दर्ज कराया है। थाना सेक्टर 49 क्षेत्र के सलारपुर गांव में रहने वाले प्रमोद (काल्पनिक नाम) ने बताया कि उनकी 17 वर्षीय बहन 17 फरवरी की शाम को घर से ट्यूशन पढ़ने के लिए गई थी इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की लेकिन उसके बारे में कोई पता नहीं चला। इस दौरान उन्हें जानकारी मिली कि पड़ोस में रहने वाला सुभाष उर्फ राहुल पुत्र ज्वाला प्रसाद जनपद रामपुर उसकी बहन को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कराया है। वहीं थाना बीटा-2 के ऐच्छर गांव में किराए पर रहने वाले राधेश्याम (काल्पनिक नाम) ने बताया कि उनकी (12 वर्षीय) बेटी 9 फरवरी को घर से सब्जी खरीदने के लिए सब्जी मंडी गई थी। इसके बाद वह वापस नहीं लौटी।

## संक्षिप्त अपराध

### ऑटो में बैठी युवती से लूटा मोबाइल

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के सेक्टर-45 आम्रपाली सफायर सोसायटी के बाहर बाइक सवार दो बदमाशों ने ऑटो में बैठी युवती से मोबाइल फोन लूट लिया और फरार हो गए। युवती ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

सेक्टर-46 स्थित गार्डेनिया गलेरिया सोसायटी निवासी महिमा भारद्वाज ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह 29 फरवरी की दोपहर को ऑटो से बैठकर सेक्टर 18 के डीएलएफ मॉल की तरफ जा रही थी जैसे ही उसका ऑटो सेक्टर 99 के पास पहुंचा तो पीछे से बाइक पर आए दो बदमाशों ने चलते ऑटो से उसके हाथ से फोन छीन लिया और फरार हो गए। उसने शोर मचा कर बदमाशों का पीछा करने का प्रयास किया लेकिन वह हत्थे नहीं चढ़े थाना प्रभारी का कहना है कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल कर बदमाशों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

### घर के सामने से मिट्टी न हटाने पर बवाल

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना बिसरख क्षेत्र के पुराना हैबतपुर गांव में घर के सामने से मिट्टी हटाने को कहना मां बेटे को खासा महंगा पड़ा। दबंगों ने मां बेटे के साथ मारपीट की और उन्हें चाकू मारकर घायल कर दिया।

पुराना हैबतपुर निवासी विक्की राज ने बताया कि उसके पड़ोस में रहने वाले (शेष पृष्ठ-4 पर)

# भाजपा का 'संकल्प हमारा सुझाव आपका' अभियान का शुभारंभ




**नोएडा (चेतना मंच)।** लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी द्वारा जारी किए जाने वाले संकल्प-पत्र में सभी के सुझाव लेने के अभियान का आज शुभारंभ किया गया। सेक्टर-58 में आयोजित 'संकल्प हमारा सुझाव आपका' नामक कार्यक्रम में नोएडा महानगर की प्रभारी तथा राज्यसभा सदस्य श्रीमती कांता कर्दम ने इस अभियान का शुभारंभ किया। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# 31 मार्च तक पूरे हो जाएंगे विद्युत कार्य : राजीव मोहन

## विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता ने बैठक में फोनरवा को दिया आश्वासन

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा शहर की बिजली व्यवस्था को बेहतर बनाने को लेकर फेडरेशन ऑफ नोएडा रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (फोनरवा) ने कल यूपीपीसीएल के मुख्य अभियंता राजीव मोहन के साथ बैठक की। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता संजीव वैश्य, नंदलाल, नोएडा के सभी अधिशाषी अभियंता तथा 60 से अधिक फोनरवा व आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कई समस्याएं मुख्य अभियंता के समक्ष रखी गईं।

बैठक में उपस्थित सभी अधिशाषी अभियंताओ ने अपने डिवीजन से संबंधित सेक्टरो में किए जा रहे कार्यों का विवरण दिया और पदाधिकारियों द्वारा बताई गई समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

### 22.21 करोड़ के काम पूरे, 72 करोड़ के कार्य प्रगति पर




मुख्य अभियंता राजीव मोहन ने बताया कि हमारा प्रयास रहेगा कि बिजली की समस्याओं का पूरी तरह से समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि बजट के अनुसार (शेष पृष्ठ-4 पर)

# सपा ने लोस. चुनाव की तैयारियों में लगाई ताकत

## मनोज भाटी बोडाकी को बनाया राष्ट्रीय सचिव

**नोएडा (चेतना मंच)।** समाजवादी पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जमीनी स्तर पर अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। चुनाव के मद्देनजर पार्टी के प्रति समर्पित व कर्मठ सदस्यों को अहम जिम्मेदारियां दी जा रही हैं। ग्रेटर नोएडा निवासी अधिवक्ता मनोज भाटी बोडाकी को समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय सचिव की जिम्मेदारी दी गई है।



समाजवादी अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण कन्हैया पाल ने राष्ट्रीय महासचिव व राष्ट्रीय सचिव के नाम की घोषणा की है। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर गामा प्रथम में रहने वाले अधिवक्ता मनोज भाटी बोड़की को राष्ट्रीय सचिव की जिम्मेदारी दी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उम्मीद व्यक्त की है कि नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिव पार्टी के प्रति समर्पित कर्मठता से कार्य करते हुए अधिवक्ताओं सहित अन्य लोगों की आवाज को प्रमुखता से उठाएंगे। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## महेन्द्र यादव बनाये गये प्रदेश सचिव

**नोएडा (चेतना मंच)।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उत्तम पटेल ने सर्फाबाद गांव निवासी महेंद्र यादव को प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी दी है। महेंद्र यादव पूर्व में नोएडा ग्रामीण महानगर के जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी का निर्वहन कर चुके हैं। प्रदेश सचिव बनने पर उन्हें बधाई का तांता लगा हुआ है।



नरेश उत्तम पटेल ने प्रेस को जारी एक बयान में बताया कि पार्टी के प्रति निष्ठा व कर्मठता को देखते हुए सर्फाबाद गांव निवासी महेंद्र यादव को प्रदेश सचिव बनाया गया है। उन्होंने उम्मीद व्यक्त की कि वह पार्टी की रीति-नीतियों को जन-जन तक पहुंचा कर संगठन को मजबूत करने में योगदान देंगे।

समाजवादी पार्टी की प्रदेश कमेटी में सचित पद की जिम्मेदारी मिलने पर महेंद्र यादव ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव तथा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल का आभार व्यक्त किया है। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# 22वां श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव कल

**गाजियाबाद (चेतना मंच)।** कल रविवार को लोहिया नगर पुराना बस अडडा के पास स्थित अग्रसेन भवन पर 22वां श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन श्री श्याम खाटू सेवक मंडल द्वारा किया जा रहा है। यह जानकारी श्री श्याम खाटू सेवा मंडल के संस्थापक तथा कार्यक्रम संचालक सुरेन्द्र कुमार गर्ग (मक्खन लाल जी) ने दी है।




श्री गर्ग ने बताया कि फाल्गुन महोत्सव दोपहर करीब 3.15 बजे से शुरू होगा जो प्रभु इच्छा तक चलेगा। इस भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक आनंद गुप्ता (दिल्ली), बीकानेर के प्रवेश शर्मा, जयपुर के निजाम भाई, दिल्ली के सुनील जैन तथा गाजियाबाद के के.के. मित्तल श्री खाटू श्याम के भजनों से लोगों को भक्ति के सागर में सराबोर करेंगे।



# कांग्रेस की कमजोरी

यह युद्ध नायक व खलनायक के बीच था और अंततः हिमाचल विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया के फैसले से साबित हो गया कि ऊंट किस करवट बैठा है। दुष्चक्र अब वक्त के चक्र में नए फौलाद के पिघलने का इंतजार करेगा, तो यह युद्ध अब सीधे से संवाद करेगा। राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस को लगी चपत अब नए समीकरणों में जब्त हो गई। कांग्रेस ने सत्ता की दीवार और मोटी कर ली या घर के भीतर से कुछ लोग कान से पकड़ कर बाहर कर दिए। कल तक जो घटनाक्रम कांग्रेस आलाकमान को भयभीत कर रहा था, वह आज अपना रक्षा कवच सुदृढ़ करने में जुटा है। दलबदल कानून के तहत कांग्रेस के छह बागी विधायक अयोग्य करार घोषित हो गए। यानी अब सदन के सामने कांग्रेस के 34 तो सत्ता के सामने विपक्षी भाजपा के 25 सदस्य ही रहे, लेकिन तीन निर्दलीय अपनी आस्था जोडक़र इस घर में भविष्य का आक्रोश या सियासी खोट भर सकते हैं। कहानी जो अतीत में थी, वह अब नए चौराहे पर लिखी जा सकती है। इस सफर में कांग्रेस का राष्ट्रीय इम्तिहान जरूर सफल रहा। विधानसभा अध्यक्ष का इंतजाम सफल रहा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू का इंतखाब सुरक्षित रहा, लेकिन राज्यसभा सीट जीतकर भी भाजपा अपनी उम्मीद के अनुसार कहीं खरी नहीं उतरी। दूध से जली कांग्रेस ने भले ही छाछ को फूंक फूंक कर नहीं पिया, लेकिन सरकार का अभिमान टूटने से बचा लिया। यह अगर मिशन था, तो कांग्रेस अपने बचाव में इससे बेहतर नहीं कर सकती थी, लेकिन भाजपा या बागियों के लिए यह सफर नई खटास भर गया। अब सवाल अगली चाल का है, तो भाजपा के शिकार का भी है। भाजपा ने जल्दी की या बागी जल्दबाजी में थे, लेकिन यहां किसी सिंधिया की तलाश पूरी नहीं हो सकी, लेकिन प्रश्न अभी जिंदा हैं–मरे नहीं। धड़ेबंदी जिंदा है–मरी नहीं। क्षेत्रीय जज्बात जिंदा हैं–मरे नहीं। जीते हुए विधायकों की करामात जिंदा है–मरी नहीं। विक्रमादित्य सिंह का इस्तीफा जिंदा है–मरा नहीं। बगावत के सुर भले ही छह विधायकों की बलि ले गए, लेकिन ये तोपें अभी मरी नहीं। कहना न होगा कांग्रेस ने एक सरकार, एक मुख्यमंत्री का किरदार और एक राज्य फिलहाल बचा लिया ताकि लोकसभा चुनाव तक सारे चरित्र पहलवान बनें, लेकिन क्या अपने ही विधायकों को घर भेज कर कांग्रेस मजबूत हो गई। क्या कांग्रेस के मोहल्ले, कांग्रेस के चूल्हे आइंदा साझेदारी में मेहनत करेंगे। इस परीक्षा के बाद जाहिर तौर पर कई और परीक्षाएं होंगी, घर के झगड़े बेजुबान नहीं होंगे। कांग्रेस ने सख्त फैसले की कसौटी में सारे तीर भले ही इन विधायकों पर उतार दिए, लेकिन शिकायतें जिन कानों को खबर दे गईं, क्या वे भी मर जाएंगी। सत्ता का विपक्ष से मुकाबला बढ़ेगा जरूर और अब कांग्रेस के बीच कुछ तो और कांग्रेस होगी। हिमाचल में पहले ही वीरभद्र के नाम पर एक कांग्रेस परेशान थी, तो एक कांग्रेस सत्ता के नाम पर सुक्खू पर परवान थी। ऐसे में आलाकमान ने राष्ट्रीय कांग्रेस का सुक्खू कांग्रेस से मिलान करके यह ऐलान तो कर दी दिया कि इसके खिलाफ कोई बोला तो हश्र कैसा होगा। कांग्रेस की मचान पर हलाल हुए छह विधायक फिलहाल नुकसान में हैं और उन्हें फिर से जनता की अदालत या न्यायालय के सामने खुद को निर्दोष, खुद को सही और खुद को ऊर्जावान साबित करना है, जबकि इससे पार्टी को क्या लाभ हुआ यह भविष्य के गर्त में है। जाहिर तौर पर आलाकमान की आंखों में तारा साबित हुए सुक्खू के वर्चस्व को सलाम करना होगा। एक ताकतवर मुख्यमंत्री ही अपने विधायकों को घर बैठा सकता है। आइंदा कांग्रेस के भीतर असंतोष नहीं होगा या बाकी बचे विधायक अब सफेद भेड़ें हो जाएंगे, यह आलाकमान की गिनती और पर्यवेक्षक भेजने का प्रतिफल है। देखना यह है कि अयोग्य करार हुए विधायक अदालत के दरवाजे पर क्या कहते हैं तथा न्याय की दृष्टि में वे कितने पाक होकर निकलते हैं। फिलहाल कांग्रेस ने यह जेहमत उठाई कि अपनी ही पार्टी के विधायकों पर कड़ी कार्रवाई करके, भाजपा के पाले में गुजर बसर की सोचने वाले निहत्थे कर दिए। कांग्रेस ने जो करना था, वह तयशुदा ढंग से हो गया, अब आगे की कडिय़ों में कितने चुनाव, कितने चौराहे और कितने विद्रोह खड़े हैं, वक्त ही बताएगा।

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि रेशम कीड़े से होता है, उससे सुंदर रेशमी वस्त्र बनते हैं। इसी से उस परम अपवित्र कीड़े को भी सब कोई प्राणों के समान पालते हैं॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**स्वारथ साँच जीव कहुँ एहा। मन क्रम बचन राम पद नेहा॥**
**सोइ पावन सोइ सुभग सरीरा। जो तनु पाइ भजिअ रघुबीरा॥**

जीव के लिए सच्चा स्वार्थ यही है कि मन, वचन और कर्म से श्री रामजी के चरणों में प्रेम हो। वही शरीर पवित्र और सुंदर है जिस शरीर को पाकर श्री रघुवीर का भजन किया जाए॥

**राम बिमुख लहि बिधि सम देही। कबि कोबिद न प्रसंसहिं तेही॥**
**राम भगति एहिं तन उर जामी। ताते मोहि परम प्रिय स्वामी॥**

जो श्री रामजी के विमुख है वह यदि ब्रह्माजी के समान शरीर पा जाए तो भी कवि और पंडित उसकी प्रशंसा नहीं करते। इसी शरीर से मेरे हृदय में रामभक्ति उत्पन्न हुई। इसी से हे स्वामी यह मुझे परम प्रिय है॥

**तजउँ न तन निज इच्छा मरना। तन बिनु बेद भजन नहिं बरना॥**
**प्रथम मोहँ मोहि बहुत बिगोवा। राम बिमुख सुख कबहुँ न सोवा॥**

मेरा मरण अपनी इच्छा पर है, परंतु फिर भी मैं यह शरीर नहीं छोड़ता, क्योंकि वेदों ने वर्णन किया है कि शरीर के बिना भजन नहीं होता। पहले मोह ने मेरी बड़ी दुर्दशा की। श्री रामजी के विमुख होकर मैं कभी सुख से नहीं सोया॥

**नाना जनम कर्म पुनि नाना। किए जोग जप तप मख दाना॥**
**कवन जोनि जनमेउँ जहँ नाहीं। मैं खगेस भ्रमि भ्रमि जग माहीं॥**

अनेकों जन्मों में मैंने अनेकों प्रकार के योग, जप, तप, यज्ञ और दान आदि कर्म किए। हे गरुड़जी! जगत में ऐसी कौन योनि है, जिसमें मैंने (बार-बार) घूम-फिरकर जन्म न लिया हो॥

**देखेउँ करि सब करम गोसाईं। सुखी न भयउँ अबहिं की नाईं॥**
**सुधि मोहि नाथ जन्म बहु केरी। सिव प्रसाद मति मोहँ न घेरी॥**

हे गुसाईं! मैंने सब कर्म करके देख लिए, पर अब (इस जन्म) की तरह मैं कभी सुखी नहीं हुआ। हे नाथ! मुझे बहुत से जन्मों की याद है, (क्योंकि) श्री शिवजी की कृपा से मेरी बुद्धि को मोह ने नहीं घेरा॥

**क्रमशः**

# राहुल की यात्रा ने जबसे कदम आगे बढ़ाये हैं तबसे उनकी पार्टी पीछे जा रही है

राहुल गांधी इन दिनों भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर हैं। बीती 4 जनवरी से पूर्वोत्तर के मणिपुर से शुरू हुई ये यात्रा महाराष्ट्र में जाकर खत्म होगी। यात्रा को लेकर राहुल गांधी और कांग्रेस में भले ही उत्साह हो, लेकिन आम जनमानस में यात्रा को लेकर कोई उत्साह नहीं है। राहुल गांधी ने अपनी यात्रा के उद्देश्य को लेकर घोषणा कुछ भी की हो, लेकिन निश्चित तौर पर इस यात्रा का मकसद उन्हें राजनीतिक तौर पर स्थापित करना है। जहां तक नफरत का माहौल दूर करने की बात है, तो कांग्रेस या किसी भी राजनीतिक दल का परम उद्देश्य यही होना चाहिए। ये देश का मूल मुद्दा है, स्वस्थ समाज के लिए ये जरूरी है कि उसमें किसी भी तरह की नफरत, वैमनस्य, छुआछूत या घृणा ना हो। लेकिन राहुल गांधी यात्रा के दौरान ऐसी बयानबाजी कर देते हैं जो उनकी मोहब्बत की दुकान की नीति और नीयत को संदेह के कटघरे में खड़ा कर देता है।



जहां तक इस यात्रा के जरिए विपक्ष को जोड़ने का सवाल है तो कांग्रेस पार्टी या राहुल गांधी अभी तक इस यात्रा के जरिए विपक्ष को एकजुट करने में बहुत कामयाब नहीं हुए हैं। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के साथ-साथ कांग्रेस से बाहर निकलने वालों की बाढ़ आ गई है, खासकर दूसरी पीढ़ी के नेताओं की। 14 जनवरी को, जिस दिन यात्रा इंफाल से शुरू हुई, पूर्व करीबी सहयोगी मिलिंद देवड़ा शिवसेना एकनाथ शिंदे गुट में चले गए। 25 जनवरी को यात्रा के असम से रवाना होने के बाद समर्थन बढ़ने की बजाय, दो महिला नेता– असम में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की महासचिव बिस्मिता गोगोई और राज्य युवा कांग्रेस की पूर्व प्रमुख अंगकिता दत्ता भाजपा में चली गईं। गोगोई पूर्व विधानसभा अध्यक्ष जिबकांत गोगोई की बहू हैं और दत्ता असम कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अंजन दत्ता की बेटी हैं। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण भी भाजपा में षामिल हो चुके हैं। महाराष्ट्र में अशोक चव्हाण के कांग्रेस छोड़ने को बड़े झटके के तौर पर देखा जा रहा है। दो बार खुद लोकसभा चुनाव जीतकर सांसद बन चुके अशोक चव्हाण को राज्य के मराठवाडा क्षेत्र का बड़ा नेता माना जाता था। वहीं असम में कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष राजा गोस्वामी ने भी बीते दिनों पार्टी को अलविदा कह दिया है।

कांग्रेस के सामने पार्टी से छिटक रहे नेताओं को रोकने के अलावा इंडिया गठबंधन से अलग हो रहे राजनीतिक दलों को रोकने की भी चुनौती है। दरअसल लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी दलों के इंडी अलायंस गठबंधन को सबसे बड़ा झटका नीतीश कुमार ने दिया है। जेडीयू ने बिहार में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के टूटने के लिए कांग्रेस की हठ और अहंकार को जिम्मेदार ठहराया। जेडीयू ने कहा कि कांग्रेस नेता अपनी पार्टी को मजबूत करने में लगे थे, विपक्षी गठबंधन को नहीं। पश्चिम बंगाल में राहुल गांधी के पहुंचते ही तृणमूल कांग्रेस से गठबंधन टूट गया। बिहार में महागठबंधन की एक बड़ी रैली प्रस्तावित थी, लेकिन यहां राहुल गांधी के पहुंचने से पहले ही नीतीश कुमार की जदयू ने पाला बदल लिया और भाजपा के साथ मिल कर सरकार बना ली। राजद विपक्ष में आ गई।

उत्तर प्रदेश में गांधी परिवार के गढ़ रहे अमेठी में 'वापस जाओ' नारे के साथ राहुल गांधी का स्वागत हुआ, यूपी में उनकी यात्रा में भीड़ नहीं जुटी सो अलग। ऊपर से राहुल गांधी के एक के बाद एक विवादित बयानों के कारण कॉन्ग्रेस को लेकर नकारात्मक माहौल ही बना। उन्होंने अभिनेत्री ऐश्वर्या राय को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी। साथ ही काशी के युवकों को शराबी व नशेड़ी बता दिया। वहीं पश्चिमी उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय लोकदल के मुखिया जयंत चौधरी की नजदीकी एनडीए से बढ़ गई है। बीते कई दिनों से उनके बीजेपी के साथ जाने की अटकलें थीं। चौधरी चरण सिंह को केंद्र सरकार की ओर से भारत रत्न की घोषणा के बाद से ये तय माना जा रहा था कि जयंत चौधरी इंडिया गठबंधन का साथ छोड़ देंगे और एनडीए के साथ चले जाएंगे। जयंत चौधरी आने वाले लोकसभा चुनाव में बीजेपी के साथ खड़े दिखाई देंगे। चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इंडिया गठबंधन को बड़ा झटका देते हुए अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। आम आदमी पार्टी और समाजवादी पार्टी के सामने कांग्रेस ने घुटने टेककर किसी तरह गठबंधन किया। ऐसे में न्याय यात्रा आगे पाट, पीछे सपाट की उक्ति को चरितार्थ कर रही है।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि 2019 के बाद से भले ही कांग्रेस लगातार कमजोर होती जा रही थी, लेकिन पिछले साल मई में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली बीजेपी को कर्नाटक में हराकर उसने वापसी की उम्मीद जगाई थी। बीजेपी का विरोध करने वाली पार्टियां, भले ही वो कांग्रेस के मजबूत होने से सहमत नहीं थीं, लेकिन उन्होंने इस मौके का फायदा उठाते हुए कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ने का फैसला किया। इसी से इंडी अलायंसा बना। लेकिन कांग्रेस को लगा कि अगर वो छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश जीत लेती है तो उसे और भी फायदा होगा। राजस्थान में हार के बावजूद भी अच्छी स्थिति रहने से कांग्रेस वापस आ गई का नारा और मजबूत होता और इसका इस्तेमाल सहयोगी दलों पर दबाव बनाने और अपनी कमजोरियों को दूर करने में मदद मिलती। लेकिन ये सोच गलत साबित हुई और कांग्रेस को एक सुनहरा मौका हाथ से निकल गया। राहुल गांधी ने कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष पद से 2019 में इस्तीफा दिया था। जबकि उनकी पार्टी को 543 सदस्यीय लोकसभा में महज 52 सीटें हासिल हुई थीं, जबकि बीजेपी को 303 सीटों पर जीत मिली थी।

पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी के साथ सीटों के बंटवारे पर सहमति नहीं बन पाई है। महाराष्ट्र में भी कांग्रेस, शिवसेना और एनसीपी के बीच सीटों के बंटवारे पर गतिरोध नजर आ रहा। इंडिया गठबंधन में शामिल सीपीआई-एम ने केरल की चार सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। सीपीआई ने पार्टी महासचिव डी राजा की पत्नी और वरिष्ठ सीपीआई नेता एनी राजा को वायनाड निर्वाचन क्षेत्र से मैदान में उतारा गया है। वर्तमान में राहुल गांधी वायनाड से सांसद हैं। हालांकि, इंडिया गठबंधन की तरफ से अभी केरल में सीटों की शेयरिंग को लेकर अभी कोई समझौता सामने नहीं आया है। यही वजह है कि यूपी में समाजवादी पार्टी और दिल्ली, हरियाणा, गुजरात में आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन करने के बावजूद, कांग्रेस आलाकमान की चुनौतियां कम होती नजर नहीं आ रहीं।

भाजपा लोकसभा चुनाव के रण में उतरने को पूरी तरह से तैयार है। भाजपा ने इस बार 400 से ज्यादा का लक्ष्य रखा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं का जोश उच्च स्तर पर है। वास्तव में, बड़ी चुनौती लीडरशिप को लेकर ही है। यह भाजपा के अभियान से बनी छवि की लड़ाई भर नहीं है। क्या राहुल गांधी स्वयं को सक्षम नेता के तौर पर साबित कर पाएंगे? क्या वे स्वयं को नए सिरे से तैयार कर पाएंगे? अभी ये नहीं कहा जा सकता है कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा से राहुल गांधी या कांग्रेस को राजनीतिक रूप से कितना फायदा होगा। लेकिन यदि कांग्रेस अब अपने दम पर सौ लोकसभा सीट जीतने की स्थिति में भी पहुंच जाती है तो वो निश्चित रूप से विपक्ष का बड़ा चेहरा होंगे। फिलहाल यात्रा को लेकर जो खबरें आ रही हैं कि गठबंधन का बिखरता कुनबा और लोकसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर यात्रा को तय समय से पहले ही समेटने की तैयारी शुरू कर दी गई है।

**–आशीष वशिष्ठ**
**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)**

# हिमाचल में सियासी भूकंप

हिमाचल प्रदेश में राज्यसभा की एकमात्र सीट के लिए 27 फरवरी को हुए चुनाव के परिणाम ने प्रदेश की राजनीति में भूकम्प ला दिया है। 68 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा के पच्चीस सदस्य हैं और सोनिया कांग्रेस के चालीस। सरकार चलाने, बचाने और राज्यसभा की यह सीट जीतने के लिए पैंतीस सदस्यों की दरकार है। यानी कांग्रेस के पास ये तीनों काम निपटाने के लिए जरूरत से ज्यादा पांच अतिरिक्त सदस्य हैं। इसी विश्वास के बल पर सोनिया गान्धी ने अपने परम भक्त अभिषेक मनु सिंघवी को हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा सदस्य बनाने का 'खतरनाक' निर्णय लिया था। राज्य के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने उनको इस लड़ाई में जीत का अतिरिक्त विश्वास दिलाया ही होगा। खासकर तब जब उन्हें विश्वास था कि सरकार का समर्थन कर रहे तीन निर्दलीय भी अभिषेक मनु सिंघवी को राज्यसभा में हिमाचल का प्रतिनिधि मानने को तैयार हो जाएंगे। वैसे इसे भी संयोग ही कहना चाहिए कि अभिषेक मनु सिंघवी राजस्थान के रहने वाले हैं और वहां से आसानी से राज्यसभा में पहुंच सकते थे। लेकिन राजस्थान से राज्यसभा में जाने का रास्ता सोनिया गान्धी ने अपने लिए सुरक्षित कर लिया और राजस्थान के सिंघवी को हिमाचल में धकेल दिया, जबकि वे स्वयं हिमाचल से लड़ सकती थीं और राजस्थान के सिंघवी को राजस्थान में ही रहने दे सकती थीं।



क्या उन्होंने पहले से ही हिमाचल में इस पराजय का खतरा सूंघ लिया था? खैर इस पर राजनीतिक विश्लेषक अरसे तक माथापच्ची करते ही रहेंगे। लेकिन असली सवाल तो यह है कि कांग्रेस बहुमत से ज्यादा सदस्य होते हुए भी भारतीय जनता पार्टी के हर्ष महाजन से हारी कैसे? गणित का हिसाब किताब तो साफ-सुथरा है। कांग्रेस के छह विधायकों ने अपनी पार्टी के प्रत्याशी को वोट न देकर भाजपा के प्रत्याशी को वोट दे दिया। तीन निर्दलीय विधायकों ने भी इस चुनाव में भाजपा का साथ दिया। यानी कुल मिला कर दोनों प्रत्याशी 34-34 वोटों पर संतुलित हो गए। ऐसे मौकों पर भाग्य यानी ईश्वर लीला पर विश्वास किया जाता है। भाजपा और सोनिया कांग्रेस इस बात पर सहमत हो गए कि अब निर्णय ईश्वर यानी भाग्य पर छोड़ दिया जाए कि वह किसका साथ देता है। भाजपा को शायद विश्वास था कि ईश्वर उसी का साथ देगा, क्योंकि वे सब अभी-अभी अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण करके ही नहीं, बल्कि राम के विग्रह में प्राण प्रतिष्ठा करके लौटे थे। अभिषेक मनु सिंघवी की पार्टी निमंत्रण मिलने के बावजूद अयोध्या नहीं गई थी। वैसे एक बार तो कांग्रेस पार्टी ने राम के अस्तित्व को ही नकार दिया था। परिणाम जानने के लिए पर्ची डाली गई तो वह भाजपा के पक्ष में निकली। इस ईश्वर लीला में भाजपा की जय जय हुई और सोनिया कांग्रेस की पराजय। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता जो दशकों तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े रहे, कहते सुने गए कि हम तो पहले ही कहते थे कि संघ ईश्वरीय कार्य है। अभी कांग्रेस इस झटके से संभलती, तभी हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के बेटे विक्रमादित्य सिंह ने मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। वह सुक्खू मंत्रिमंडल में लोक निर्माण मंत्री थे। त्यागपत्र का कारण बताते हुए वह भावुक हो गए। उनका कहना था कि उनके पिता का अभी भी इस सरकार द्वारा अपमान किया जा रहा है।

उनकी प्रतिमा लगाने के लिए जमीन तक उपलब्ध नहीं करवाई गई। जब सोनिया गान्धी ने अयोध्या में राम के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आधिकारिक तौर पर पार्टी की शमूलियत को सार्वजनिक तौर पर नकार दिया था तो विक्रमादित्य सिंह उसके बाद भी अयोध्या गए थे। वैसे वीरभद्र सिंह ने अपने मुख्यमंत्रित्व काल में मतान्तरण रोकने के लिए हिमाचल प्रदेश में क़ानून बना दिया था। तभी से वह सोनिया गान्धी की आंख की किरकिरी बन गए थे। सुक्खू की कांग्रेस सरकार पहले दिन से ही स्वर्गीय वीरभद्र सिंह के प्रति निष्ठा रखने वाले विधायकों को हाशिए पर धकेलने के काम में लगी हुई थी।

वीरभद्र सिंह की पत्नी प्रतिभा सिंह को कांग्रेस का प्रदेश अध्यक्ष बना कर सोनिया गान्धी की सन्तान ने संतुलन साधने की कोशिश तो जरूर की, लेकिन सुक्खू उस संतुलन को धरातल पर नहीं उतार पाए। यह भी कहा जा रहा है कि सुक्खू विरोधी खेमे में चौदह विधायक हैं, लेकिन रणनीति के तहत अभी छह विधायकों को ही सार्वजनिक रूप से राज्यसभा चुनाव के अवसर पर सामने लाया गया है। विक्रमादित्य सिंह का इस्तीफा किसी भावी तूफान का संकेत करता है। चलते-चलते विक्रमादित्य सिंह यह भी बता गए कि विधानसभा का चुनाव प्रतिभा सिंह और मुकेश अग्निहोत्री के नेतृत्व में लड़ा गया था। शायद वह परोक्ष रूप से सोनिया गान्धी और उनके बच्चों से सवाल ही कर रहे थे कि फिर सुखविंदर सिंह सुक्खू को मुख्यमंत्री किस हिसाब से बना दिया गया। हाईकमान तो पता नहीं इस सवाल का उत्तर कब देता, लेकिन इस ग्रुप ने राज्यसभा के चुनाव को उचित अवसर जान कर स्वयं इसका उत्तर दे दिया। उत्तर इतना तीखा है कि शायद हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार को ही निगल जाए। बाकी राहुल गान्धी अपनी भारत जोड़ो यात्रा में स्थान-स्थान पर मोहब्बत की दुकानें सजाने में पहले की तरह व्यस्त हैं। उधर बाद की हकीकत यह है कि विक्रमादित्य सिंह को मना लिया गया है और उन्होंने इस्तीफा फिलहाल वापस ले लिया है। लेकिन उनके इस्तीफे से कांग्रेस की जो किरकिरी हुई, वह अब जगत के सामने है। देखना यह होगा कि कांग्रेस क्रॉस वोटिंग करने वाले अन्य विधायकों को कैसे मनाती है तथा सवाल यह भी है कि क्या विक्रमादित्य सिंह की नाराजगी दूर हो गई है? उधर सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार को बचाने के लिए कांग्रेस ने रणनीति पर काम शुरू कर दिया है। उसने फिलहाल बजट भी पारित करवा दिया है। फिलहाल संकट टलता दिखता है, लेकिन ऐसी भी सूचनाएं हैं कि क्रॉस वोटिंग करने वाले कुछ विधायक तो कांग्रेस का कहा मान भी सकते हैं, लेकिन दो विधायकों को मनाना कठिन होगा।

**–कुलदीप चंद अग्निहोत्री**
**वरिष्ठ स्तंभकार**

# राशिफल

फाल्गुन कृष्ण पक्ष : षष्ठी/सप्तमी | (विक्रम संवत् 2080)

**मेष– (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
व्यावसायिक लाभ, पिता का साथ, स्वास्थ्य में सुधार, प्रेम और संतान की स्थिति अच्छी।

**वृष– (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
भाग्य साथ देगा, रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा, स्वास्थ्य में सुधार होगा, प्रेम-संतान थोड़ा मध्यम है।

**मिथुन– (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
परिस्थितियां प्रतिकूल हैं, चोट-चपेट लग सकती है, किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**कर्क– (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
आनंदित रहेगा। जीवन, स्वास्थ्य अच्छा है, प्रेम-संतान की स्थिति लगभग ठीक है।

**सिंह– (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे, रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा। स्वास्थ्य नरम-गरम रहेगा, प्रेम-संतान अच्छा है।

**कन्या– (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
भावुक होकर मत निर्णय लीजियेगा, महत्त्वपूर्ण निर्णय अभी रोक कर रखें।

**तुला– (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
भूमि,भवन,वाहन की खरीदारी संभव है, लेकिन गृह कलह भी संभव है। स्वास्थ्य ठीक है।

**वृश्चिक– (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
व्यापारिक स्थिति सुदृण होगी। जो भी आपने सोच समझ कर के डिजाईन कर रखा है उसको लागू करें।

**धनु– (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
भाग्या साथ दे रहा है, स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है, प्रेम-संतान अच्छा, व्यापार अच्छा पर धन हानि के संकेत हैं।

**मकर– (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
आकर्षण के केंद्र बने रहेंगे, स्वास्थ्य में सुधार होगा, प्रेम-संतान बहुत बढ़िया, व्यापार भी बहुत अच्छा।

**कुम्भ– (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
मन चिंतित रहेगा, खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी, स्वास्थ्य नरम-गरम। प्रेम-संतान अच्छा, व्यापार भी अच्छा।

**मीन– (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। यात्रा में लाभ होगा। रुका हुआ धन वापिस मिलेगा। कुछ नए स्रोत से भी रुपये-पैसेआयेंगे।

# सराहनीय योगदान के लिए डा.रश्मि गुप्ता सम्मानित



**नोएडा ( चेतना मंच )।** फेलिक्स हॉस्पिटल की डायरेक्टर डॉ. रश्मि गुप्ता को स्वास्थ्य और महिला उद्यम के क्षेत्र में बेहतर कार्य के लिए भारत सरकार एवं महाराष्ट्र सरकार द्वारा सम्मानित किया गया है। उन्हें पुणे के वेस्टिन कोरेगांव पार्क में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया।

डॉ रश्मि गुप्ता का जन्म उत्तर प्रदेश के छोटे से शहर उन्नाव में हुआ और उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा भी वहीं से सरकारी स्कूल से प्राप्त की। तमाम चुनौतियां के वाबजूद डॉ. रश्मि ने डॉक्टर बनने का सपना देखा और उसे साकार भी किया।

आगरा मेडिकल कॉलेज से MBBS करने के बाद उन्होंने कानपुर मेडिकल कॉलेज से नवजात शिशु एवं बाल रोग (पीडियाट्रिक) में विशेषज्ञता हासिल की। एक छोटे से 2BHK फ्लैट में खुद का क्लिनिक खोला जहां उनका मात्र 2 पुराने कुर्सी और टेबल ही उनका फर्नीचर था।

कठिनाईयों से लड़ते हुए उन्होंने फेलिक्स हॉस्पिटल की नींव रखी। डॉ. रश्मि गुप्ता ने 50 बेड से अस्पताल को 200 बेड तक पहुंचाया और अगले लगभग 2 साल में वो फेलिक्स अस्पताल को 700 बेड विस्तृत करने वालीं है। आज फेलिक्स अस्पताल में 70 प्रतिशत महिला कर्मचारी हैं। अस्पताल के अधिकतर विभाग महिलायें ही देख रही है। यहाँ डॉ. रश्मि द्वारा महिलाओं को विशेष महत्व दिया जाता है।

डॉ रश्मि गुप्ता सामाजिक कार्यों बढ़-चढ़कर हिस्सा लेतीं है। फेलिक्स अस्पताल ने कोरोना के मुश्किल घड़ी में जनता तक हर संभव मदद पहुंचाई। डॉ रश्मि गुप्ता ने सम्मानित होने के बाद कहा कि आज के समय में बेटियां बेटों से कमतर नहीं है।

# श्रीराम कथा का हुआ शुभारंभ



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** जिला कारागार, गौतमबुद्धनगर में बंदियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के उद्देश्य से त्रिदिवसीय श्रीराम कथा का शुभारम्भ अधीक्षक, अरूण प्रताप सिंह, जेलर, जितेन्द्र प्रताप तिवारी व पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय भारतीय टीम के तेज गेंदबाज श्री मुनाफ पटेल द्वारा किया गया। अयोध्या से पधारी महान कथा वाचिका देवी राज राजेश्वरी जी के द्वारा कथा के प्रथम दिन श्रीराम कथा के विभिन्न प्रसगों की रोचक प्रस्तुति की गई, उनके द्वारा रामचरित्र मानस की महिमा, उनके आदर्शो व भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र के ऊपर विशेष प्रकाश डाला गया और कारागार के बंदी व कार्मिकगण भक्तिरस के आनन्द में भाव विभोर हो गए।

इस अवसर पर अधीक्षक, अरूण प्रताप सिंह, जेलर जितेन्द्र प्रताप तिवारी, सुनील दत्त मिश्रा, डिप्टी जेलर मुकेश प्रकाश, रामप्रकाश शुक्ला, श्रीमती मनोरमा सिंह आदि अधिकारी उपस्थित रहे।



सेक्टर-142 स्थित शहदरा गांव में मार्किट तोड़े जाने के विरोध में धरना देते भाकियू ( बलराज ) के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

# युवाओं की प्रतिभा से गुलजार हुई एमिटी





**नोएडा ( चेतना मंच )।** एमिटी विश्वविद्यालय में चल रहे एमिटी यूथ फेस्टीवल 2024 के द्वितीय दिन एमिटी कैंपस विभिन्न नृत्य गीत सहित तकनीकी प्रतियोगिताओं से गुलज़ार रहा है। इस अवसर पर भारतीय अभिनेत्री सुश्री अकांक्षा रंजन कपूर ने छात्रों से मुलाकात भी की।

एमिटी बिजनेस स्कूल द्वारा आयोजित इनोवेटिव बिजनेस मैनेजर प्रतियोगिता में प्रतिभागीयो को आईओटी, बिगडाटा, एआई का उपयोग किसी भी क्षेत्र के साथ करके 6 मिनट की प्रस्तुती देनी थी। इस प्रतियोगिता में नरसी मोनजी, क्राइस्ट, सिंबायसिस अदि संस्थानो से 10 टीमों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर एचसीएल टेक के जीएम श्री दुर्गेश सक्सेना और डिप्टी मैनेजर श्री गौरव बंसल निर्णायक मंडल में शामिल थे।

एमिटी यूथ फेस्ट में पहुंची अभिनेत्री सुश्री अकांक्षा रंजन कपूर ने एमिटी स्कूल ऑफ फिल्म एंड ड्रामा और एमिटी स्कूल ऑफ कम्यूनिकेशन के छात्रों से मुलाकात करके जीवन अनुभवों को साझा किया।

एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ एयरोस्पेस इंजिनियरिंग द्वारा ड्रोन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

# महाप्रबंधक बनने पर आर.पी. सिंह को दी बधाई



**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष तथा राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष (दर्जा प्राप्त केंद्रीय मंत्री) डॉ लोकेश प्रजापति के नोएडा कैंप कार्यालय प्रभारी जयप्रकाश प्रजापति ने नोएडा प्राधिकरण के जल विभाग के उप महाप्रबंधक आरपी सिंह को शासन द्वारा महाप्रबंधक के पद पर प्रोन्नत किए जाने पर बधाई दी।

जयप्रकाश प्रजापति ने कहा कि आर.पी. सिंह जिस विभाग में रहे हैं। उसका निर्वहन जिम्मेदारी के साथ किया। आज जल एवं सीवर विभाग में भी जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाता। श्री सिंह के नेतृत्व में कई गांव में 'नोएडा आपके द्वार' अभियान चलाया गया जो काफी प्रशंसनीय रहा।

# मुठभेड़ में शातिर बदमाश को मारी गोली, दूसरा घायल

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना बिसरख पुलिस ने मुठभेड़ के बाद एक शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली लगने से बदमाश घायल हो गया जबकि इसका एक साथी मौके से फरार हो गया।



सेंट्रल जोन के एडीसीपी ह्रदेश कठेरिया ने बताया कि थाना बिसरख



प्रभारी अरविंद कुमार पुलिस टीम के साथ एसीई एस्पायर तिराहे पर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान एक सिलेरियो कार को पुलिसकर्मियों ने रुकने का इशारा किया। कार सवार दोनों युवकों ने रुकने के बजाय कार चार मूर्ति की तरफ भगा दी। कार सवारो को भागता देखकर पुलिस टीम ने उनका पीछा किया। कार सवार बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। इस दौरान सामने से आ रही पुलिस की दूसरी टीम ने बदमाशों की घेराबंदी कर दी। खुद को घिरा देखकर बदमाश कार छोड़कर पुलिसकर्मियों पर फायरिंग करते हुए भाग निकले। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश गोली लगने से घायल होकर गिर पड़ा जबकि उसका दूसरा साथी मौके से फरार हो गया। घायल बदमाश को पुलिस ने दबोच लिया।

एडीसीपी ने बताया कि पूछताछ में बदमाश ने अपना नाम अंकित राठी पुत्र राजीव राठी निवासी ग्राम दरियापुर थाना सिंभावली जनपद हापुड़ तथा अपने फरार साथी का नाम रविंद्र चौधरी पुत्र ओमकार चौधरी निवासी ग्राम लोहारी थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़ बताया। पकड़े गए अंकित राठी ने बताया कि उससे बरामद सिलेरियो कार उसने अपने साथी के साथ मिलकर 3 महीने पहले समृद्धि ग्रैंड एवेन्यू के पास से एक व्यक्ति से लूटी थी। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया है।

# वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व राज्यपाल के निधन पर दु:ख जताया



**नोएडा ( चेतना मंच )।** प्रदेश महासचिव उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस (पश्चिम), जिलाध्यक्ष आल इंडिया कौमी तंजीम गौतमबुद्धनगर कोषाध्यक्ष व प्रवक्ता नोएडा झुग्गी झोपड़ी संयुक्त पुनर्वास मंच शाहबुद्दीन ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता तथा उत्तरांचल के राज्यपाल रहे डा. अजीज कुरेशी के निधन पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी में उनका योगदान हमेशा स्मरणीय रहेगा। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के प्रचार प्रसार में खास योगदान दिया तथा राज्यपाल के तौर पर भी उनके कार्य उल्लेखनीय रहे। उनके निधन से उनके प्रशंसकों में दुख की लहर व्याप्त है।

## सरस मेला

# दीदियों ने सीखे ऑनलाइन मार्केटिंग के गुर

**नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित व राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) द्वारा समर्थित सरस आजीविका मेले में वर्कशॉप आयोजित की गई। जिसमें स्वयं सहायता समूहों को ऑनलाइन संवाद तथा बिक्री और संचार के लिए रणनीति तैयार करने पर फोकस किया गया।

इस अवसर पर इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन से कविता शर्मा ने सभी दीदियों को अपने उत्पाद की बिक्री और संचार से संबंधित ज्ञान दिया। साथ ही ग्राहकों से संवाद करने के भी गुर बताए। उन्होंने कहा कि आपके उत्पाद कितने ही महत्वपूर्ण एवं गुणवत्ता से परिपूर्ण हैं मगर उन्हें बेचने की कला आपके अंदर होनी चाहिए।

सीआईडीसी के मीडिया एडवाइजर कुमार गिरीश ने कहा कि जितनी गुणवत्ता आपके द्वारा निर्मित सामान में है उससे कहीं अधिक आपके व्यवहार में होनी चाहिए। राष्ट्रीय ग्रामीण विकास व पंचायती राज संस्थान की दिल्ली शाख प्रभारी डा. रूचिरा भट्टाचार्य ने भी पूर्व की भांति सभी दीदियों का उत्साहवर्धन किया तथा उनके व्यवसाय में कुशलता के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्य रूप से एनआरएलएम से राजीव सिंघल, अजय कुमार साहू, एनआईआरडीपीआर के असिस्टेंट डायरेक्टर चिरंजीलाल कटारिया, सुधीर कुमार सिंह, सुरेश प्रसाद तथा नरेश कुमारी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। मेले के 15वें दिन भारी संख्या में महिला एवं पुरुषों ने जमकर खरीदारी की। जबकि यहां विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने भी सरस मेले का आनंद उठाया। सैक्टर-33ए स्तिथ नोएडा हाट में केंद्र सरकार का चौथा सरस आजीविका मेला 4 मार्च को समाप्त होगा।











## नाम-परिवर्तन

एतदद्वारा सभी को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम श्वेता बेरी पुत्री श्री आर.पी. बेरी निवासी फ्लैट नं0-9140, सेक्टर सी, पॉकेट-9, वसंत कुंज, नई दिल्ली-110070 से बदलकर अब शवेता बेरी कर दिया है। आधारकार्ड में भी मेरा नाम शवेता बेरी है। अब भविष्य में मुझे श्वेता बेरी के बजाय शवेता बेरी के नाम से ही जाना जाएगा।

## उत्तर मध्य रेलवे

**निविदा सूचना संख्याः- ए.जी.सी.-ई.एल.जी.-टी.-36R-2023-24 दिनांकः 28.02.2024**

वरि0 मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य), आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु केवल ऑन लाईन (E-Tendering) द्वारा खुली निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| टेन्डर नं0 | AGC-ELG-T-36R-2023-24 |

**कार्य का नाम लोकेशन सहित एवं कार्य पूर्ण करने की अवधिः** आगरा मंडलः- आगरा कैंट रेलवे स्टेशन के पी.एफ.नंबर 4/5 पर 02 नग एस्केलेटर एवं आगरा फोर्ट रेलवे स्टेशन के पी.एफ.नंबर 1 पर 02 नग एस्केलेटर । (मेक-क्रैनेक्स) का वार्षिक रखरखाव अनुबंध (एएमसी) 36 महीने के लिए। पूर्ण करने की अवधि- 36 माह

| | |
|---|---|
| कार्य की अनुमानित लागत | Rs. 6018236.64/- (including GST) |

पूरी जानकारी एवं टेन्डर में भाग हेतु **Indian Railways website www.ireps.gov.in** देखें। टेन्डरर्स केवल बेव पोरटल **Indian Railways website www.ireps.gov.in** पर 15:00 बजे तक दि0 20.03.2024 तक टेन्डर डाल सकते है। **355/24(AN)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR @northcentralrailway

## यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्धनगर-201308 ( उ0 प्र0 )

**सार्वजनिक सूचना**


सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के एल0एफ0डी0 परियोजना के अन्तर्गत आवंटित भवन सं0- KLP-16-1902, in Kalypso Court Tower-16 at Jaypee Greens Wish Town, Sector-128, Noida. Super Area- 245.85 Sqm. जो कि स्व0 श्री हेत राम के नाम पर संयुक्त रूप से सबलिज्ड है। सबलेसी की मृत्यु उपरान्त उक्त सम्पत्ति में उनके 1/2 भाग को उनकी वसीयत के आधार पर उनके पुत्र श्री समीर ठकरान के पक्ष में नामांतरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में आवेदन किया गया है।

अतः इस नामांतरण (Death Mutation) के सम्बंध में किसी को कोई आपत्ति है तो प्रकाशन कि तिथि से 35 दिनों के भीतर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में स्व0 श्री हेत राम की मृत्यु उपरान्त उक्त सम्पत्ति में उनके 1/2 भाग को उनकी वसीयत के आधार पर उनके पुत्र श्री समीर ठकरान के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।

**प्रबंधक ( संपत्ति )**

# कई गांवों में जनसंपर्क किया सांसद डा. महेश शर्मा ने

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा. महेश शर्मा ने अपने संसदीय क्षेत्र में आयोजित ''गाँव चलो अभियान'' के तहत जेवर विधानसभा के ग्राम जगनपुर-अफजलपुर, सिलारपुर-मुझखेड़ा, मोहम्मदपुर गुर्जर, समसपुर, धनौरी खुर्द- धनौरी कलां, कनारसी- कनारसा का दौरा किया। वहां के ग्रामीणों ने सांसद का फूल मालाओं के साथ स्वागत व अभिनंदन किया।



सांसद ने गांवों मे हो रहे विकास कार्यो एवं उनकी गुणवत्ता की जानकारी ग्रामीणों से ली। इसके साथ ही ग्रामीणों की समस्याओं को सुना।

केन्द्र और प्रदेष सरकार ने विकास कार्यो से शहर गांव की दूरी को मिटा दिया। सड़को का जाल विछने से आज शहर से गांव तक ही नही बल्कि देश में एक कोने से दूसरे कोने तक पहुंचना आसान हो गया है। गाँव चलो अभियान के दौरान कहा कि सरकार आज आपके द्वार है और मोदी सरकार की गारंटी है कि सरकार किसानों के हित के कार्यो को प्राथमिकता देती है।

आपका आषीर्वाद सदैव इसी तरह मिलता रहे। 2024 में पुन: माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने में आप सभी का सहभागिता और आशीर्वाद रहेगा और मुझे भी आपने दो बार लगातार गौतमबुद्ध नगर क्षेत्र का सांसद बनाया है इसलिए मैं क्षेत्र का विकास करता रहा हूँ और आगे भी निरंतर करते रहेंगे।

इस कार्यक्रम के दौरान सोनू वर्मा, सांसद प्रतिनिधि जेवर, दीपक सिंह, चेयरमैन दनकौर, सुबोध चौधरी, राजकुमार नागर, महाराज नागर, सुनील नागर, ज्ञानी नागर, सुमित पंडित, महेंद्र शर्मा, गौरव बंसल, सिंगा पंडित, जगत सिंह, अमित नागर, पंकज कौशिक, नवीन पंडित, हरिदत्त शर्मा आदि काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# 15वां विशाल महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन 8 मार्च को

नई दिल्ली। भोले का दीवाना मण्डल द्वारा 8 मार्च 2024 को त्रिनगर स्थित जय माता मार्केट शंकर चौक पर 15वां विशाल महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव में करीब 30 से 35 हजार शिव के भक्तों की आने की संभावना है। महोत्सव के एक दिन पूर्व बैंड-बाजे और ढोल नगाड़ों के साथ भोले बाबा की बारात निकाली जाएगी।



भोले का दीवाना मण्डल के अध्यक्ष हरिओम पाराशर ने बताया कि 8 मार्च को महोत्सव में लाखों भक्त भारत के कोने कोने से प्रभु के दर्शनों के लिए पहूंचेंगे और करोड़ों भक्त घर बैठे विभिन्न चैनलों के माध्यम से महाशिवरात्रि महोत्सव को देख सकेगें। प्रभु भोलेनाथ का भव्य दरबार सजाकर अखण्ड ज्योति प्रज्वलित कर इत्रों की वर्षा की जाएगी। प्रभु के प्रसाद में छप्पन भोग व भक्तों के लिए भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा।

प्रसिद्ध भजन गायक पं. हरिओम पाराशर, रीतु पांचाल, रविश पंडित, सूर्या पांचाल, परम महंत, खुशबू यादव व प्रवीण अग्रवाल भजनों से शिवमय माहौल करेंगे।

# पार्टी का 400 सीट का संकल्प पूरा करेंगे कार्यकर्ता : भाटी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता



लोकसभा चुनाव की तैयारी में पूरी ताकत के साथ लगकर केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार कर रहे हैं। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रथम जिला अध्यक्ष रहे एवं गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र के संयोजक प्रणीत भाटी ने एक बातचीत के दौरान कही है।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी इस बार 400 से अधिक सीट जीतने का जो संकल्प लिया है वह पूरा होगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता बूथ अध्यक्ष से लेकर पन्ना प्रमुख तक सरकार की योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं।

श्री भाटी ने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में एक बार फिर से केंद्र में सरकार भारतीय जनता पार्टी की बनाने जा रही है।

# ट्रांसपोर्ट यूनियन के अध्यक्ष को जान से मारने की धमकी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ट्रांसपोर्ट यूनियन गौतमबुधनगर के अध्यक्ष ने तीन लोगों के खिलाफ फोन पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। अध्यक्ष का आरोप है कि वह पिछले कुछ समय से सड़कों पर दौड़ रहे ओवरलोड वाहनों के खिलाफ उन्हें बंद करने का अभियान छेड़ा है। इस अभियान की वजह से ही उन्हें धमकियां मिल रही हैं।

मूल रूप से ग्राम मुंह फाड़ दनकौर निवासी सोनू नागर ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह नोएडा ट्रांसपोर्ट यूनियन गौतम बुध नगर के अध्यक्ष हैं। उन्होंने बीते दिनों जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा तथा एआरटीओ सियाराम वर्मा को लिखित शिकायत देकर ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। उनके इस अभियान से ऐसे लोग परेशान हैं जो ओवरलोड वाहनों का संचालन करवा रहे हैं। ऐसे लोग उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। बीते दिनों उनके मोबाइल पर गौरव पंडित, पियूष पंडित व मुश्ताक आदि की कॉल आई।

इन लोगों ने अभियान चलाने पर उसे जान से मारने की धमकी दी पीड़ित ने धमकी की रिकॉर्डिंग ऑडियो भी पुलिस को उपलब्ध कराई है दनकौर थाना प्रभारी का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर मामले पर की जांच पड़ताल की जा रही है।

# गाली गलौज का विरोध करने पर चला दी गोली

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना दादरी में दो लोगों के खिलाफ मारपीट तथा विरोध करने पर गोली मारने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया गया है। आरोपियों ने मारपीट का विरोध करने पर फायरिंग कर गांव में सनसनी फैला दी थी। पुलिस ने फायरिंग करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

ग्राम डाबरा निवासी मोहित भाटी ने बताया कि 29 फरवरी की रात को वह अपने घर पर थे इस दौरान गांव के ही महाराज सिंह उनके घर में घुस आया और किराएदारों के साथ गाली गलौज करने लगा। उन्होंने जब गाली गलौज का विरोध किया तो महाराज सिंह का भाई टीटू मौके पर पहुंच गया और उसने फायरिंग कर दी। टीटू द्वारा चलाई गई गोली उनके भतीजे दीपक के पैर में लगी और वह घायल होकर गिर गया। गोली चलाने के बाद आरोपी रिपोर्ट दर्ज करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर टीटू पुत्र कमर सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।

# जिला बदर बदमाश गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना कासना पुलिस ने एक जिला बदर बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी जिला बदर होने के बावजूद भी क्षेत्र में घूम रहा था।

थाना प्रभारी विद्युत अग्रवाल ने बताया कि पुलिस टीम गश्त पर थी। इस दौरान सूचना मिली कि ग्राम जमालपुर का रहने वाला जिला बदर बदमाश सुमित पुत्र भीम सिंह बीटा दो में रामपुर जागीर गांव की तरफ घूम रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कान्हा रेस्टोरेंट के सामने से सुमित को दबोच लिया। उन्होंने बताया कि विशेष न्यायालय पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट गौतम बुध नगर द्वारा उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम 1970 के तहत सुमित को 16 दिसंबर को जनपद गौतमबुद्धनगर की सीमा से 6 माह के लिए जिला बदर घोषित किया गया था। 24 फरवरी को उक्त आदेश की प्रति तमिल कराई गई थी। आदेश के तहत सुमित को जनपद की सीमा से बाहर रहने के लिए बुलंदशहर की सीमा में छोड़ा गया था इसके बावजूद भी सुमित न्यायालय की आदेश की अवहेलना करते हुए जनपद की सीमा के भीतर मिला।

# चीनी कंपनी ओप्पो के बाहर कर्मचारियों का हंगामा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** स्मार्टफोन बनाने वाली चीनी कंपनी ओप्पो के ग्रेटर नोएडा



स्थित कंपनी में कर्मचारियों ने आज जमकर हंगामा किया. कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें ठेके पर रखा गया है और ठेकेदार पूरा वेतन नहीं दे रहा है, वेतन की मांग करने पर वर्कर को निकाल दिया जाता है. हंगामे की सूचना मिलते ही थाना ईकोटेक फर्स्ट के थाना प्रभारी और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं. कर्मचारियों को समझा बुझाकर शांत करने के साथ, ओप्पो कंपनी के मैनेजमेंट से बात की जा रही है।

हजारों की संख्या में ओप्पो कंपनी और सड़क पर हंगामा कर रहे कर्मचारियों ने कंपनी के मैनेजमेंट और ठेकेदारो पर गंभीर आरोप लगाए हैं. उनका कहना है कि उन्हें पूरी सैलरी नहीं दी जा रही है. अगर पूरी सैलरी की मांग करते हैं, तो डराया धमकाया जाता है और कंपनी से निकल भी दिया जाता है. यह काफी लम्बे समय से चल रहा है. आज जब उनके सब्र का बांध टूट गया, तो उन्होंने काम रोक कर हंगामा करना शुरू कर दिया, वे कंपनी के बाहर सड़कों पर भी आकर नारेबाजी कर रहे है। कर्मचारियों के हंगामा की सूचना मिलने है. थाना ईकोटेक फर्स्ट प्रभारी के साथ-साथ पुलिस के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए हैं और कर्मचारियों को समझने का प्रयास किया जा रहा है. अधिकारी कंपनी के मैनेजमेंट से भी बातचीत कर रहे हैं, लेकिन कर्मचारियों का हंगामा जारी है।





## पृष्ठ एक के शेष....

**2017 से पहले ....**

अब नहीं हो पाएगा। लखनऊ से ही निगरानी कर सकेंगे कि एफसीआई के गोदाम से निकला राशन सीधे खाद्य की दुकान पर जा रहा है। जो परिवर्तन एवं देख रहे हैं वह 2014 से पहले असंभव था। इस तरह की बातों की कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। बिना भेदभाव के सरकार की योजनाओं का लाभ हर गरीब को मिला। इसी को सुशासन कहते हैं। सभी 80 हजार राशन कोटे की दुकानों में हुए 'Reform' का लाभ 15 करोड़ लोगों को प्रदेश के अंदर प्राप्त हुआ।

**मनोज भाटी बोडाकी ...**

नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिव अधिवक्ता मनोज भाटी ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व कृष्ण कन्हैया पाल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जिस उम्मीद से उन्हें जिम्मेदारी दी गई है उसे पर वह खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे।

बता दें कि अधिवक्ता मनोज भाटी और उनके बेटे समीर भाटी ने अक्टूबर 2021 में भाजपा के लखनऊ स्थित प्रदेश कार्यालय पर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की थी बीते दिनों मनोज भाटी ने अपने एक हैंडल पर भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश को टैग करते हुए लिखा कि वह और उनके बेटे समीर निजी कारणों से भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहे हैं।

**महेन्द्र यादव बनाये....**

उन्होंने कहा कि शीर्ष नेतृत्व ने जिस उम्मीद से उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है उसको निभाने का वह भरसक प्रयास करेंगे।

बता दें कि नवनियुक्त प्रदेश सचिव महेंद्र यादव पिछले काफी समय से समाजवादी पार्टी से जुड़े हुए हैं। वह जिले की कार्यकारिणी में सचिव, सपायूथ ब्रिगेड के प्रदेश सचिव, सपा युवजन सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष तथा नोएडा ग्रामीण महानगर के जिला अध्यक्ष रह चुके हैं।

**'ससुराल वाले मेरी ...**

मंजू का कहना है कि दहेज के लालच में उसके ससुराल वाले उसकी तथा बेटी की हत्या कर सकते हैं।

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर पति सहित पांच ससुराल वालों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

**31 मार्च तक पूरे....**

अभी तक 22.21 करोड़ के काम पूरे हो गए हैं और बाकी लगभग 72 करोड़ के काम चल रहे हैं। जिसमें से लगभग 60 फीसदी काम पूरे हो चुके हैं। बाकी बचे हुए कार्यों के लिए हमें उम्मीद है कि 31 मार्च 2024 तक सभी कार्य पूरे कर लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024- 25 के लिए हमें लगभग 66 करोड रुपए का फंड मिलने की संभावना है जिसके अंतर्गत हम बिजली की सुचारू आपूर्ति के लिए नोएडा में बुनियादी ढांचे में नवीनतम उन्नयन और बेहतर करेंगे।

इस अवसर पर अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा, महासचिव के के जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय भाटी, अशोक कुमार मिश्रा, देवेंद्र सिंह, सुशील यादव, कोषाध्यक्ष पवन यादव, अशोक शर्मा, प्रदीप वोहरा, लाटसाहब लोहिया एडवोकेट, उमाशंकर शर्मा, विनोद शर्मा, सुखबीर सिंह, देवेंद्र कुमार, जी.एस सचदेवा, सुशील कुमार शर्मा, कोसिंदर यादव, हृदेश कुमार गुप्ता, राजेश सिंह, भूषण शर्मा, जी.सी शर्मा, गोविंद शर्मा, अमित चौहान, संजय, सुशील कुमार, विरिंदर धर, पूनम आनंद, ऋषि शर्मा, धीरज कुमार, लक्ष्मी नारायन, आर.सी गुप्ता, नीरज शर्मा, राजेश अग्रवाल, वी.एस नगरकोटी, प्रदीप मिश्रा, दुर्गेश सिंह, अशोक शर्मा, जयपाल सिंह, सुभाष प्रियदर्शी, अमित चौहान, संजय कुमार गुप्ता, सोमपाल सिंह, पी.सी मौर्य, बी.के कश्यप, वी.के विज, राजेश कुमार, अनीता, रमेश शर्मा, एच.एम ध्यानी, अंजना भागी, एस.सी शर्मा, एल.ओ.पी करन, प्रदीप कुमार, एम.ए खान, एस.के शर्मा तथा बिजली विभाग के अधिशाषी अभियंता शिवम त्रिपाठी, शेशांक शेखर,रामयश यादव,गौरव कुमार तथा अन्य अधिकारी और सदस्य उपस्थित थे।

**घर के सामने से...**

सत्येंद्र शाह मीना शाह सविम शाह ने उनके घर के बाहर मिटटी डलवा दी उन्होंने जब मिट्टी हटाने के लिए कहा तो आरोपियों ने उनके साथ गाली गलौज कर दी गाली गलौज का विरोध करने पर सविम शाह ने उनकी मां पूनम देवी पर चाकू से वार कर उन्हें घायल कर दिया। वह जब अपनी मां को बचाने आया तो आरोपी ने उसे पर भी चाकू से कई बार किया घायल कर दिया। शोर सुनकर आस पड़ोस के लोग मौके पर आ गए इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोग्य की तलाश की जा रही है।

भाजपा का 'संकल्प....

इस अभियान के तहत सभी मंडलों में संकल्प-पत्र को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं के अलावा आम लोगों से सुझाव मांगे जाएंगे। यह सभी सुझाव एकत्र करके भाजपा की केंद्रीय कमेटी को भेजे जाएंगे। आज के कार्यक्रम में भाजपा के जिला अध्यक्ष गजेंद्र मावी, नोएडा महानगर के महामंत्री तथा कार्यक्रम के संयोजक उमेश त्यागी, महामंत्री गणेश जाटव, वरिष्ठ नेत्री गिरिजा सिंह, युद्धवीर चौहान, महेश अवाना, रामनिवास यादव, जिला उपाध्यक्ष सेवानंद शर्मा, जिला महामंत्री महेन्द्र कोरी, मीडिया प्रभारी तन्मय शंकर समेत कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

**कोरियर में ड्रग्स का...**

स्काइप से वीडियो कॉल की गई। चिराग वासने के मुताबिक उनकी पत्नी ने डरकर फर्जी पुलिस अधिकारी के कहने पर उनके बताए गए अकाउंट में 375278 रुपए ट्रांसफर कर दिए। थाना सेक्टर-39 प्रभारी में बताया कि पीडित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया।


दैनिक चेतना मंच
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

# शैफाली के अर्धशतक से महिला प्रीमियर लीग में दिल्ली ने आरसीबी को हराया

**बेंगलुरु ।**

दिल्ली कैपिटल्स ने यहां के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गये महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यू पीएल) मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को 25 रनों से हराया। इस मैच में आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना ने टॉस जीतकर दिल्ली को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। दिल्ली की ओर से शैफाली वर्मा ने अर्धशतक लगाकर जबकि एलिसा कैप्सी ने भी 46 रन बनाये। शैफाली ने 50 रन बनाये। इसके बाद बीच के ओवरों में मैरिजाना कैप ने 32 और जीस जोनोसेन ने 36 रन बनाकर अपनी टीम को स्कोर 194 रन तक पहुंचाया। इसके बाद 195 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी को मंधाना ने 43 गेंदों पर 74 रन बनाकर अच्छी शुरूआत दी पर अंतिम ओवरों में आरसीबी ने 9 गेंदों पर 5 विकेट खो दिये जिससे उसे इस मैच में हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले आरसीबी के गेंदबाजों ने पहले पावरप्ले में दिल्ली को खुलकर खेलने का अवसर नहीं दिया। ओपनर मेग लैनिंग और शैफाली वर्मा के लिए रन बनाना कठिन रहा।

पावरप्ले के बाद शैफाली ने तेज से आक्रमण शुरु कर दिया। शैफाली ने जहां 31 गेंदों पर 3 चौके और 3 छक्कों की मदद से 50 रन बनाए जबकि एलिसा कैप्सी ने 33 गेंदों पर 4 चौके और दो छक्कों की मदद से 46 रन बनाए। मध्यक्रम में मेरिजाना कैप ने 16 गेंदों पर 3 छक्कों के साथ 32 तो जेस जोनासेन ने 16 गेंदों पर 36 रन बनाकर स्कोर 194 तक पहुंचा दिया। अरुधंति ने भी 4 गेंदों पर 10 रन बनाए।





## भारत की अदिति एचएसबीसी महिला गोल्फ में संयुक्त 23वें स्थान पर पहुंची

**सिंगापुर ।**

भारत की अदिति अशोक एचएसबीसी महिला गोल्फ चैंपियनशिप में संयुक्त रुप से 23वें स्थान पर पहुंच गयी हैं। विश्व में 40 वहीं वरीयत प्राप्त अदिति ने एलपीजीए एशियाई चरण की इस दूसरी प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करते हुए पहले दौर में पार 72 के स्कोर बनाया। अदिति ने 18 लाख डॉलर इनामी प्रतियोगिता के पहले दौर में 5 बर्डी की पर इतनी ही बोगी भी कर गईं जिससे उन्होंने पार का स्कोर बनाया। अदिति गत सप्ताह ही होंडा एलपीजीए थाईलैंड में संयुक्त 31वें स्थान पर रहीं थी। वहीं अमेरिका की सारा स्मेलजेल 4 अंडर 68 के स्कोर के साथ ही शीर्ष पर चल रही हैं। उन्होंने पांच बर्डी और एक बोगी की। वहीं न्यूजीलैंड ओपन में खेल रहे एकमात्र भारतीय पुरुष गोल्फर ज्योति रंधावा ने अच्छी शुरूआत करते हुए पहले दौर में 2 अंडर 69 का स्कोर बनाकर संयुक्त 51 वां स्थान हासिल किया।

# आईपीएल 2024: 15 मार्च से शुरू होगा केकेआर का मुख्य प्री-सीजन कैंप

**कोलकाता।**

आईपीएल 2024 का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। सभी टीमें अब अपनी-अपनी तैयारियों में जुट रही है। इस बीच दो बार की आईपीएल विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने 2024 सीजन से पहले अपना मुख्य प्री-सीजन कैंप 15 मार्च से कोलकाता में शुरू करने की जानकारी दी है। केकेआर का आईपीएल 2024 अभियान 23 मार्च को अपने घरेलू मैदान ईडन गार्डन्स में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शुरू होगा। फ्रेंचाइजी ने अपडेट में आगे कहा कि उनके कुछ घरेलू भारतीय खिलाड़ी नवी मुंबई में चल रहे डीवाई पाटिल टी20 कप में खेल रहे हैं। जिसके बाद केकेआर के सहायक कोच अभिषेक नायर ने इस सप्ताह के लिए मुंबई में केकेआर अकादमी में एक अस्थायी प्रशिक्षण सुविधा स्थापित की है। इस सत्र के लिए मुंबई में केकेआर अकादमी में मौजूद खिलाड़ियों में उप-कप्तान नीतीश राणा, रिंकू सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुयश शर्मा, अनुकूल रॉय, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, साकिब हुसैन और रमनदीप सिंह शामिल हैं। कोलकाता स्थित फ्रेंचाइजी, जिसकी कप्तानी श्रेयस अय्यर करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वे मुख्य प्री-सीजन कैंप के लिए कोलकाता में खिलाड़ियों के आगमन के बारे में अपडेट साझा करेंगे जिसमें उनके विदेशी खिलाड़ी भी शामिल होंगे। केकेआर पिछले दो सीज़न में आईपीएल प्लेऑफ में जगह बनाने में विफल रही और पिछले साल दुबई में आईपीएल 2024 प्लेयर नीलामी में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की सेवाओं के लिए 24.75 करोड़ रुपये खर्च किए।

इस बीच, दिल्ली कैपिटल्स ने गुरुवार से अरुण जेटली स्टेडियम में अपना मिनी प्री-सीजन कैंप शुरू किया।

जहां उन्होंने एक इंट्रा-स्क्वाड मैच खेला और अपने व्यक्तिगत कौशल प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित किया।

मिनी-कैंप पांच दिनों का होने की उम्मीद है, जिसमें इशांत शर्मा, कुमार कुशाग्र और प्रवीण दुबे जैसे खिलाड़ी अपने-अपने कौशल को निखारते नजर आएंगे। दिल्ली कैपिटल्स अपने आईपीएल 2024 अभियान की शुरुआत तब करेगी जब वे 23 मार्च को दोपहर के मैच में मुल्लांपुर,



मोहाली के नव-विकसित महाराजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी।

## ईशान घरेलू टर्नामेंट में बीसीसीआई का लोगो लगा हेलमेट पहनने से निशाने पर आये

**मुम्बई ।**

विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। पहले घरेलू क्रिकेट नहीं खेलने के कारण उनको बीसीसीआई ने केन्द्रीय अनुबंध से बाहर किया। वहीं अब ईशान ने एक बार फिर बीसीसीआई का नियम तोड़ा है। इससे उनपर कार्रवाई होना तय माना जा रहा है।

ईशान यहां डीवाई पाटिल टी20 कप में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की ओर से खेलते हुए रन तो नहीं बना पाये पर बीसीसीआई का लोगो लगा हेलमेट पहनने के कारण निशाने पर आ गये हैं। वहीं बीसीसीआई के नियम के मुताबिक कोई भी खिलाड़ी घरेलू स्तर पर किसी भी तरह के क्रिकेट में बीसीसीआई का लोगो और टीम इंडिया की जर्सी का इस्तेमाल नहीं कर सकता है। अगर यदि कभी कोई खिलाड़ी ऐसा करता भी है तो उसे लोगो पर टेप लगाकर उसे छुपा कर मैदान पर उतरता होता है पर ईशान ने नहीं किया। इससे पहले भारतीय खिलाड़ी आमतौर पर घरेलू



क्रिकेट में अपनी अपनी टीमों की ओर से खेलते हुए इसका इस्तेमाल करते थे पर कुछ समय पहले ही बीसीसीआई ने इसपर सख्ती बरतते हुए नियम बना दिया। ईशान जिस टूर्नामेंट में खेल रहे हैं उसी टूर्नामेंट में बल्लेबाज तिलक वर्मा भी खेल रहे थे पर उनके हेलमेट पर बड़ा सा टेप चिपका हुआ नजर आया। जिससे बीसीसीआई का लोगो छुपा हुआ था। यदि कोई खिलाड़ी अपने हेलमेट पर बीसीसीआई का लोगो लगाकर अपनी घरेलू टीम की ओर से उतरता है तो उसे मैदानी अंपायर उसे ऐसा करने से रोकता है पर यहां अंपायर ने लगता है इसपर ध्यान न हीं दिया।

## लेविट के तूफानी शतक से नीदरलैंड ने तीसरे टी20 में नामीबिया को हराया

**कीर्तिपुर ।**

माइकल लेविट के तूफानी शतक से नीदरलैंड ने तीसरे टी20 मुकाबले में नामीबिया को 57 रनों से हरा दिया। लेविट ने 62 गेंदों पर 135 रन बनाये।

इस मैच में नामीबियाई बल्लेबाज लॉफ्टी-ईटन ने 33 गेंदों पर शतक लगाया था जिसका जवाब लेविट ने 49 गेंदों पर शतक लगाकर दिया। इससे डीच टीम ने 247 रन बनाये। इसके बाद नामीबिया की टीम ये लक्ष्य हासिल नहीं कर पायी और 20 ओवरों में 188 रन रनों पर ही सिमट गयी। इस प्रकार उसे मुकाबले में 59 रनों से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में डच टीम नीदरलैंड की शुरूआत अच्छी नहीं रही थी। तीसरी ही ओवर में मैक्स 5 रन बनाकर पेवेलियन लौट गये पर इसके बाद माइकल लेविट और साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट ने स्कोर 208 तक पहुंचाया।

दोनों ने करीब 15 ओवरों में 190 से ज्यादा रन बनाए। एंगेलब्रेक्ट ने जहां 40 गेंदों पर 7 चौके और 5 छक्कों की मदद से 75 रन बनाए तो वहीं, माइकल लेविट 62 गेंदों पर 10 छक्कों की मदद से 135 रन बनायेहे। इसके बाद तेजा निदामानुरु ने लगातार तीन गेंदों पर तीन छक्के लगाए वहीं नामीबिया की ओर से ट्रम्पेलमैन ने 46 रन देकर 2 विकेट लिए जबकि बेन शिकोंगो ने 28 रन देकर 1 तो जेन फ्राईलिंक ने 57 रन देकर एक विकेट लिया। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करने उतरी नामीबिया की शुरूआत भी अच्छी नहीं रही।

सलामी बल्लेबाज माइकल वेन 7 तो मालान कुर्गर 3 रन बनाकर आऊट हो गए। इसके बाद जे कोट्जे ने 26 तो कप्तान जे स्मिट ने 8 गेंदों पर 19 रन बनाये। मध्यक्रम में जान फ्राइलिंक ने 27 गेंदों पर दो छक्कों की मदद से 42 रन बनाए तो अंत में विकेटकीपर बल्लेबाज जेन ग्रीन ने 20 गेंदों पर चार चौके और तीन छक्कों की मदद से 42 रन बनाए पर वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाए।

## चीन में अपने खिताब का बचाव करने के लिए उत्सुक हूं: हार्दिक सिंह

**नई दिल्ली,**


एशियाई हॉकी महासंघ ने 28 फरवरी को घोषणा की कि पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 आठ से 17 सितंबर 2024 तक हुलुनबुइर शहर, इनर मंगोलिया,चीन में होगी। जो टीमें इस संस्करण के लिए योग्य हैं उनमें चीन, जापान, कोरिया, मलेशिया, पाकिस्तान और मौजूदा चैंपियन भारत शामिल हैं।

टूर्नामेंट के महत्व पर बोलते हुए, भारतीय पुरुष हॉकी टीम के उप-कप्तान हार्दिक सिंह ने कहा, एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी एक प्रतिष्ठित टूर्नामेंट है जहां टीमें एशिया की सर्वश्रेष्ठ हॉकी टीम होने का दावा करने के लिए संघर्ष करती हैं। हमारा लक्ष्य दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम बनना है, और उस यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम ट्रॉफी को बरकरार रखना और एशिया में सर्वश्रेष्ठ टीम के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करना होगा। भारत 3 से 12 अगस्त तक चेन्नई में आयोजित एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 के पिछले संस्करण में विजयी हुआ। वे 4 जीत और 1 ड्रा के साथ पूल में शीर्ष पर रहे, जापान के खिलाफ ड्रा था। सेमीफाइनल में, उनका फिर से जापान से सामना हुआ और 5-0 से जीत दर्ज की। फाइनल में, भारत हाफ टाइम तक 3-1 से पिछड़ रहा था, लेकिन दूसरे हाफ में कप्तान हरमनप्रीत सिंह, गुरजंत सिंह और आकाशदीप सिंह के गोल ने सुनिश्चित किया कि भारत एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 का चैंपियन बने। टीम के प्रदर्शन पर विचार करते हुए हार्दिक ने कहा, ÷एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 एक शानदार टूर्नामेंट था। एक टीम के रूप में, हम अभी भी मुख्य कोच क्रेग फल्टन के तहत खेल की नई शैली को अपना रहे थे, और स्वर्ण पदक जीतना उस प्रगति का प्रमाण था जो टीम ने उनके तहत की थी। रास्ते में हमारी मदद करने के लिए हमारे साथ मेंटल ट्रेनर पैडी अप्टन भी थे, और जब हम फाइनल में मलेशिया से पिछड़ रहे थे, तब टीम ने उनके बारे में अपनी बुद्धिमत्ता बनाए रखने और चीजों को बदलने के लिए जबरदस्त चरित्र दिखाया। मिडफील्डर ने अंत में कहा, टूर्नामेंट जीतने के लिए पिछड़ने के



बाद वापिस आना एक विशेष एहसास था, और पीछे मुड़कर देखने पर, मुझे लगता है कि टीम ने उस मैच को अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए स्प्रिंगबोर्ड के रूप में इस्तेमाल किया। इसमें कोई संदेह नहीं है कि हम पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में खेलने और अपने खिताब का बचाव करने के लिए उत्सुक हैं।

### खास खबर



## डब्लयूपीएल के बाद मल्टी डे महिला क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन करेगा बीसीसीआई !

**मुम्बई ।**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) देश में महिला प्रीमियर लीग (डब्लयूपीएल) क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए अब मल्टी डे महिला टूर्नामेंट का आयोजन करने जा रहा है। हाल के दिनों में जिस प्रकार से महिला क्रिकेट आगे बढ़ा है उसी को देखते हुए अब बीसीसी को मल्टी डे महिला टूर्नामेंट के आयोजन का विचार आया है। पिछले कुछ सालों में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने जितनी तेजी से आगे बढ़ा है उससे बोर्ड उत्साहित है। इसी को देखते हुए अब वह 17 को डब्ल्यूपीएल के समाप्त होने के बाद इस टूर्नामेंट का आयोजन करने जा रहा है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि बीसीसीआई का ये मल्टी डे महिला टूर्नामेंट तीन दिन का होगा और 29 मार्च से पुणे में शुरू होगा। इस टूर्नामेंट में 6 टीमें भाग लेंगी। इन टीमों को क्षेत्रों के आधार पर बांटा गया है। इसमें पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण, मध्य और नॉर्थ ईस्ट की टीम इसमें शामिल होंगी। ये टीमें पांच मैचों की सीरीज खेलेंगी। ये टूर्नामेंट 29, 30 और 31 मार्च को एक साथ होने वाले दो क्वार्टर फाइनल मुकाबलों के साथ शुरू होगा। इस चरण के बाद चैंपियनशिप दो सेमीफाइनल तक पहुंच जाएगी, जो 5, 6 और 7 अप्रैल को खेली जाएगी। इस टूर्नामेंट का फाइनल 9, 10 और 11 अप्रैल को होगा। इस रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि शीर्ष वरीयता प्राप्त दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी।

## पीएसल में रुदरफोर्ड की आक्रामक बल्लेबाजी से क्वेटा ग्लेडिएटर्स जीती

**कराची।**

पाकिस्तान प्रीमियर लीग क्रिकेट (पीएसएल) में क्वेटा ग्लेडिएटर्स की ओर से खेल रहे वेस्टइंडीज के शेरफेन रुदरफोर्ड ने आक्रमक बल्लेबाजी करते हुए अपनी टीम को पांच विकेट से जीत दिलायी। पीएसएल के इस मुकाबले में क्वेटा ने रुदरफोर्ड की शानदार पारी की सहायता से अंतिम गेंद पर जीत दर्ज की। इस मैच में कराची ने इससे पहले खेलते हुए जेम्स विंस के 37, मोहम्मद नवाज के 28 और अनवर अली के 25 रन से 165 रन बनाए थे। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए क्वेटा को जेसन रॉय 52 और सऊद शकील 24 की अच्छी शुरूआत हुई। इसके बाद शेरफेन रुदरफोर्ड ने 31 गेंदों पर एक चौके और 6 छक्कों की सहायता से 58 रन बनाकर टीम को पांच विकेट रहते जीत दिला दी। वहीं इससे पहले कराची की शुरुआत खराब रही। कप्तान शान मसूद पहले ही ओवर में 2 रन बनाकर आऊट हो गए थे जबकि सीफर्ट 21 रनों का योगदान ही दे पायें। जेम्स विंस ने 37 रन बनाए। इसके अलावा शोएब मलिक ने 12 जबकि मोहम्मद नवाज ने 28 रन बनाए। किरोन पोलार्ड ने 10 गेंदों पर 13 और इरफान खान ने 10 गेंदों पर 15 रन बनाए। अंत में अनवर अली ने 14 गेंदों पर 2 छक्कों की मदद से 25 रन बनाकर स्कोर 165 पर पहुंचा दिया। वहीं क्वेटा की ओर से गेंदबाजी करते हुए अकिल हुसेन ने 34 रन देकर दो विकेट लिए। इसी तरह अबरार अहमद ने 31 रन देकर 3 तो उसमान तारिक ने 16 रन देकर 2 विकेट लिए।




## बीसीसीआई अनुबंध में पंड्या को ए जबकि कुलदीप को बी ग्रेड दिये जाने पर उठे सवाल

### प्रशंसकों ने सोशल मीडिया पर बोर्ड को ट्रॉल किया

**मुम्बई ।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सालाना केन्द्रीय अनुबंध में हार्दिक पंड्या को एक ग्रेड जबकि स्पिनर कुलदीप यादव को बी ग्रेड अनुबंध दिये जाने पर सवाल उठ रहे हैं। इसको लेकर लोगों ने सोशल मीडिया पर बीसीसीआई की आलोचना की है। लोगों का कहना है कि हार्दिक पंड्या केवल एकदिवसीय और टी20 क्रिकेट खेलते हैं इसके बाद भी उन्हें ए ग्रेड दिया गया है जबकि कुलदीप को तीनों प्रारुपों में खेलने के बाद भी बी ग्रेड में रखा गया है। बीसीसीआई के ग्रेड एक में साल में पांच करोड जबकि बी में तीन करोड़ की रकम खिलाड़ियों को मिलती है। ऐसे में कुलदीप को ग्रेड बी में होने के कारण सालाना 3 करोड़ रुपये जबकि पंड्या को 5 करोड़ रुपये मिलेंगे। लोगों का कहना है कि पंड्या ने लंबे समय से टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला है। माना जाता है कि पंड्या ने टीम प्रबंधन को बता दिया है कि उनकी फिटनेस टेस्ट खेलने की नहीं है, इस कारण वह केवल एकदिवसीय और टी20 टीम में रहेंगे। वहीं दूसरी ओर कुलदीप इस समय भारत के एकमात्र चाइनमैन स्पिनर हैं, जो तीनों ही प्रारुपों में खेलते हैं। कुलदीप इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज भी खेल रहे हैं। वह एकदिवसीय और टी20 टीम में भी खेलते हैं। कुलदीप ने पिछले एक साल में भारतीय टीम की ओर से 43 मैच खेले हैं। इसमें 30 एकदिवसीय , 10 टी20 और 3 टेस्ट मैच शामिल हैं। दूसरी ओर हार्दिक ने कुल 31 मैच खेले, जिनमें 20 एकदिवसीय और 11 टी20 मुकाबले शामिल हैं। करियर की शुरुआत से अब तक कुलदीप ने 103 एकदिवसीय, 35 टी20 और 11 टेस्ट मैच खेले हैं जबकि हार्दिक ने कुल 189 मैच खेले हैं। इनमें 11 टेस्ट, 86 एकदिवसीय और 92 टी20 मैच शामिल हैं।

## घरेलू क्रिकेट आधार पर किसी खिलाड़ी को खेलने मजबूर नहीं कर सकते: साहा



**कोलकाता ।** भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज रिद्धिमान साहा ने कहा है कि घरेलू क्रिकेट आधार है और हर खिलाड़ी को आगे बढ़ने के लिए इसे पर्याप्त महत्व देना चाहिए। साथ ही कहा कि अगर कोई क्रिकेटर घरेलू क्रिकेट में नहीं खेलना चाहता तो उसे जबरन खेलने को मजबूर नहीं किया जा सकता। साहा ने ये बात विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन और श्रेयस अय्यर के घरेलू क्रिकेट की अनदेखी को लेकर कही है। ईशान और अय्यर को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इसी कारण केन्द्रीय अनुबंध से भी बाहर कर दिया है। साहा ने इसको लेकर कहा कि अनुबंध नहीं दिये जाने का फैसला बीसीसीआई का है जबकि रणजी नहीं खेलना इन दोनो का निजी निर्णय थी। ये दोनों खिलाड़ी पिछले कुछ समय पहले तक भारतीय टीम में भी थे। इन दोनो ने गत वर्ष एकदिवसीय विश्वकप भी खेला था। ईशान अंतिम बार दिसंबर में भारतीय टीम के साथ दक्षिण अफ्रीका दौरे पर गये थे। वहीं अय्यर ने इंग्लैंड के खिलाफ चल रही जारी इस सरीज के पहले 2 टेस्ट खेले थे। साहा ने कहा कि एक क्रिकेटर को हर मैच को समान महत्व देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब भी मैं फिट होता हूं मैं खेलता हूं, यहां तक कि मैंने क्लब मैच भी खेले हैं, कार्यालय के मैच भी खेले हैं। मैं हमेशा एक मैच को एक मैच की तरह लेता हूं। मेरे लिए सभी मैच बराबर हैं। अगर हर खिलाड़ी इस तरह से सोचता है तो वह अपने करियर में केवल समृद्ध होंगे और यह भारतीय क्रिकेट के लिए भी बेहतर होगा। साहा ने कहा कि मुझे लगता है कि घरेलू क्रिकेट का महत्व हमेशा रहता है क्योंकि अगर मैं सरफराज खान के बारे में बात करूं तो उसने पिछले चार-पांच वर्षों में काफी रन बनाए हैं। निश्चित रूप से उसने अच्छा प्रदर्शन किया है। साहा ने इस बीच युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल की बल्लेबाजी को बेहतरीन करार दिया।

## ओपनिंग जोड़ीदार स्मृति पर बहुत गर्व है : सोफी डिवाइन

**बेंगलुरु**, यह कप्तान स्मृति मंधाना और उनकी सलामी जोड़ीदार, न्यूजीलैंड की महान ऑलराउंडर सोफी डिवाइन के बीच चल रही आपसी प्रशंसा गाथा में भूमिका के उलटफेर की शाम थी। पिछले साल डब्ल्यूपीएल के उद्घाटन के दौरान 99 रनों की तूफानी पारी से स्मृति को चकित करने के बाद, अब तारीफ करने की बारी सोफी की थी, जब उन्होंने गुरुवार को चिन्नास्वामी स्टेडियम में अपनी कप्तान को आरसीबी के दिल्ली विरोधियों के खिलाफ 74 रनों की पारी खेलते हुए देखा। सोफी ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा,हाँ, देखो, मुझे स्मृति पर बहुत गर्व है। मुझे लगता है कि पिछला सीज़न उसके लिए काफी कठिन था। उनके लिए इस साल जिस तरह से बाहर आना और बल्लेबाजी करना शानदार रहा है। मुझे लगता है कि जिस तरह से उन्होंने बल्लेबाजी की है, जिस तरह से उसने टीम की कप्तानी की है वह शानदार है और इससे वास्तव में आत्मविश्वास झलकता है। मेरे लिए आज वहां खड़ा होना काफी अलग था, जबकि वह हर तरफ से शॉट मार रही थी। लेकिन क्रिकेट और टी20 क्रिकेट के बारे में यह अच्छी बात है कि साझेदारी में कई बार ऐसा होता है कि आपको अलग-अलग भूमिकाएं निभानी पड़ती हैं। और मेरे लिए आज, यह बस पीछे बैठकर उसे शॉट लगाते हुए देखने जैसा था। सोफी, जिन्होंने 17 में से 23 रन बनाने से पहले तीन ओवरों में 2/23 के साथ हरफनमौला प्रदर्शन किया। वह अब तक अपने गेंदबाजी आक्रमण को संभालने के कप्तान के तरीके से प्रभावित हैं। उन्होंने यह भी टिप्पणी की कि आरसीबी के पास वस्तुतः हर विकल्प संभव के साथ एक अच्छी तरह से विकसित गेंदबाजी आक्रमण था, लेकिन गुरुवार को छुट्टी का दिन था। सोफी ने आगे कहा, लेकिन हम मुंबई के खिलाफ मजबूती से वापसी करने के लिए तैयार हैं। आरसीबी अब अपने चौथे घरेलू मैच में शनिवार को चिन्नास्वामी स्टेडियम में मुंबई टीम से भिड़ेगी।

# शादी में कौन-सी मेहंदी डिजाइन लगवाएं

**अमूमन वेडिंग सीजन में हम अपने आउटफिट के साथ-साथ मेहंदी के डिजाइन पर भी उतना ही ध्यान देते हैं। कुछ समय पहले तक वेडिंग फंक्शन के लिए हैवी मेहंदी डिजाइन लगाया जाता है। लेकिन पिछले कुछ समय से मेहंदी के डिजाइन की पसंद में काफी चेंज आने लगा है।**



## मंडला मेहंदी डिजाइन

मंडला डिजाइन एक ऐसा मेहंदी डिजाइन है, जो कभी भी आउट ऑफ ट्रेन्ड नहीं होता है। इन दिनों ब्राइड्स भी मंडला मेहंदी डिजाइन लगाना काफी पसंद कर रही हैं। अगर आपको मेहंदी लगाना पसंद है, लेकिन फिर भी आप हाथों को फुलर लुक नहीं देना चाहती हैं तो ऐसे में मंडला मेहंदी डिजाइन बनाएं। वहीं, फिंगर पर आप जाल डिजाइन बनाएं।

## बर्ड शेप्ड मेहंदी डिजाइन

अगर आप अपने मेहंदी डिजाइन को एक यूनिक लुक देना चाहती हैं तो ऐसे में बर्ड शेप्ड मेहंदी डिजाइन बनाना अच्छा विचार हो सकता है। आप पीकॉक से लेकर बटरफ्लाई या बर्ड आदि को अपनी हथेलियों पर उकेरें। यह देखने में बेहद ही खूबसूरत लगती है। खासतौर से, अगर आपने वेडिंग डे के लिए ऐसा कोई आउटफिट सलेक्ट किया है, जिसमें ऐसी ही डिटेलिंग हैं तो यकीनन इस तरह की मेहंदी आपके लुक को और भी अधिक एन्हॉन्स करेगी।

## मोनोक्रोम मेहंदी डिजाइन

इस तरह के मेहंदी डिजाइन में ना केवल दोनों हाथों पर एक जैसी मेहंदी लगाई जाती है। बल्कि किसी एक शेप या पैटर्न को लेकर ही पूरी मेहंदी कंप्लीट की जाती है। मसलन, आप छोटे-बड़े सर्कल से एक खूबसूरत मेहंदी डिजाइन बना सकती हैं। यह पूरी तरह से आप पर है कि आप किस पैटर्न की मदद से अपनी मेहंदी डिजाइन को क्रिएट करना चाहती हैं।

## फ्लोरल मेहंदी डिजाइन

यह भी एक ऐसा मेहंदी डिजाइन है, जो कभी भी ट्रेन्ड से बाहर नहीं होता है। साथ ही, यह देखने में भी बेहद खूबसूरत लगता है। आप फ्लोरल मेहंदी डिजाइन में जाल, लीफ या सर्कल आदि को एड करके अपनी मेहंदी को और भी ज्यादा यूनिक बना सकती हैं। अगर आप अपने हाथों पर एक सटल और ब्यूटीफुल मेहंदी डिजाइन लगाना चाहती हैं तो यकीनन फ्लोरल मेहंदी डिजाइन एक अच्छा ऑप्शन साबित हो सकता है।



# शादी में खूबसूरत दिखें ऐसे

**फेशियल**
हर लड़की को अपनी शादी से पहले फेशियल जरूर करवाना चाहिए। फेशियल करवाने से चेहरे की डेड स्किन हट जाती है। जिसके चलते आपके चेहरे पर ग्लो आता है। ऐसे में अगर आपकी भी शादी होने वाली है तो आप भी शादी के 1-2 महीने पहले 2-3 बार फेशियल करवा सकती हैं। इस दौरान आपको यह जरूर ध्यान रखना चाहिए कि आपका स्किन टाइप क्या है। जिससे फेशियल के दौरान आपको कोई स्किन से रिलेटेड दिक्कत न होने पाए।

**हेयर स्पा**
शादी में खूबसूरत और सबसे अलग दिखने के लिए आपके बालों का भी हेल्दी दिखना जरूरी है। इसलिए बालों को खूबसूरल और शाइनी बनाने के लिए हेयर स्पा आपके लिए एक बेहतरीन ऑप्शन है। हेयर स्पा की मदद से आपके बाद हेल्दी और शाइनी हो जाएंगे। जिससे शादी के कार्यक्रमों में आपके हेयर स्टाइलिश को आपके बालों का स्टाइल बनाने में मदद होगी। बता दें कि शादी के 4-5 दिन या एक हफ्ते पहले आप हेयर स्पा करवा सकती हैं।

**बॉडी पॉलिश**
शादी में न सिर्फ दुल्हन का चेहरा बल्कि आपका पूरा शरीर सोने की तरह चमकना चाहिए। ऐसे में आप बॉडी पॉलिश का सहारा ले सकती है। ब्राइडल को अपनी स्किन चमकदार बनाने के लिए किसी अच्छे पार्लर से बॉडी पालिश करवाना चाहिए। इससे आपकी सुंदरता में चार चांद लगेंगे। साथ ही बॉडी पॉलिश से आपकी स्किन भी हाइड्रेट हो जाएगी। इसकी मदद से आप अपनी शादी में खूबसूरत दिखेंगी।

**मैनीक्योर-पेडीक्योर**
मैनीक्योर-पेडीक्योर भी एक तरह का ब्यूटी ट्रीटमेंट है। इसके जरिए आप अपने नाखूनों में नई जान डाल सकते हैं। शादी से पहले हाथों-पैरों की खूबसूरती बढ़ाने के लिए आप किसी अच्छे से पार्लर से मैनीक्योर-पेडीक्योर करवा सकती हैं। हालांकि मेंहदी की रस्म से पहले दुल्हन को मैनीक्योर-पेडीक्योर करवाना चाहिए। जिससे की बाद में आपकी मेंहदी का रंग खराब ना हो।

**स्क्रब**
शादी से पहले ही बॉडी को चमकदार बनाने के लिए आप बॉडी स्क्रब का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए आपको पार्लर भी जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। बता दें कि अपनी स्किन टाइप का अच्छा सा बॉडी स्क्रब खरीदकर आप अपने शरीर को घर पर ही एक्सफोलिएट कर सकती हैं। बता दें कि शादी से करीब 1 महीने पहले से हर हफ्ते अपनी बॉडी को स्क्रब कर सकती हैं। इससे आपकी स्किन चमकदान बनेगी। वहीं आप बॉडी स्क्रब के लिए घरेलू नुस्खे का भी ट्राई कर सकती हैं।



# इयररिंग्स जो आपको दे शानदार लुक

**इयररिंग्स पहनने से आपका लुक और स्टाइलिश हो जाता है। इंडियन वियर हो या वेस्टर्न इयररिंग्स सभी पर आकर्षक लुक देते हैं। आजकल हैवी इयररिंग्स काफी ट्रेंडिंग हैं। आप अपने पारंपरिक परिधान के साथ हैवी इयररिंग्स को कैरी कर सकते हैं। इसके अलावा आप वेस्टर्न वियर के साथ भी आप इयररिंग्स पहन सकते हैं।**

**किन बातों का रखें ध्यान**
किस तरह के आउटफिट के साथ कैसी इयररिंग्स पहनें। इसका लोगों को कंफ्यूजन होता है। इसके बारे में आपको कुछ बातें जरूर पता होनी चाहिएं। एथनिक लुक के साथ हैवी इयररिंग्स पहनकर आप प्रभावशाली लुक के साथ किसी भी फंक्शन में शामिल हो सकते हैं। वहीं हैवी इयररिंग्स को पहनते और चेंज करते समय आपको अपने कानों का खास ध्यान रखना चाहिए। एथनिक लुक के साथ आप कुछ अलग ट्राई कर सकती हैं।

**चांदबाली**
महिलाएं चांदबाली के साथ अपने लुक में चार चांद लगा सकती हैं। बता दें कि चांद बालियां इन दिनों काफी ट्रेंड में हैं। यह आपके लुक पर गजब का डिफरेंस ला सकती हैं। एथनिक लुक में एक एक्स्ट्रा ग्लैम जोड़ने के लिए आप चांदबाली पहन सकती हैं। किसी भी एथनिक स्टाइल के साथ एलिगेंस ऐड करने के लिए आप इन इयररिंग्स को पेयर कर सकते हैं।



**झुमका**
आप अपने एथनिक लुक को झुमके के साथ पूरा कर सकती हैं। एथनिक लुक का स्टाइल बढ़ाने के लिए झुमके से बेहतर और क्या ऑप्शन होगा। बाजार में आपको अट्रैक्टिव कटवर्क डिजाइन के कई झुमके मिल जाएंगे। वहीं आपको इनमें कई कलर ऑप्शन भी मिलते हैं। इसलिए आप भी अपनी ड्रेस के हिसाब से झुमके को कैरी कर सकते हैं।

**यूनिक इयरिंग्स**
अगर आप एलिगेंस पसंद करने के साथ अपने लुक को सिंपल रखना चाहते हैं तो यूनिक इयरिंग्स भी आपके लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। ये झुमके आपके लुक को पूरा करते हैं। इयरिंग्स में लगे स्टोन्स को कपड़े के रंग के मुताबिक मैच करने से आपका लुक खूबसूरत लगेगा। इन इयरिंग्स को आप साड़ी, सलवार कमीज और लहंगे के साथ कैरी कर सकती हैं।

**चेन स्टाइल इयररिंग्स**
आजकल चैन वाली झुमकी को काफी पसंद किया जा रहा है। इस तरह की इयरिंग्स को आप साड़ी, सलवार कमीज और लहंगे के साथ कैरी कर सकती हैं। चैन वाली इयरिंग्स पहनने से आपका लुक बेहद यूनीक नजर आएगा। चैन वाली इयरिंग्स से बालों की भी शूबसूरती बढ़ती है।

**लांग इयरिंग्स**
ब्यूटीफुल और यूनीक स्टाइल के साथ आप लांग इयरिंग्स को भी कैरी कर सकती हैं। इनमें शानदार डिटेलिंग आपके लुक को पूरा करती है। आपको बता दें कि इन इयरिंग्स को शादी या फेस्टविल पर भी कैरी कर सकती हैं। इसके अलावा यह इयरिंग्स आपको यूनिक लुक देते हैं। साथ ही इन्हें पहनकर आप कंफर्टेबल भी रह सकती हैं। इन इयरिंग्स में भी आपको कई वैरायटी मिलती हैं।

**छोटे इयरिंग्स**
आजकल छोटे इयरिंग्स भी काफी ट्रेंडिंग हैं। आप इस इयरिंग को किसी भी ड्रेस यानि की एथनिक और वेस्टर्न दोनों पर कैरी कर सकते हैं। बता दें कि इन इयरिंग्स में सिल्वर और गोल्डन कलर के कांबिनेशन को काफी पसंद किया जाता है। वहीं इन्हें पहनने से आपके कानों को भी ज्यादा दर्द नहीं होता है। साथ ही यह आपको एलीगेंट लुक देते हैं।

# होली खेलते वक्त रखें सावधानियां

**आज भी कई राज्यों में पक्के रंगों से ही होली खेली जाती है। पानी वाले रंगों से होली खेलने के लिए लोग काफी उत्साहित भी रहते हैं। पक्के रंग से होली खेलने के समय कई बातों का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। इनमें सबसे जरूरी होता है कपड़ों का ध्यान रखना। दरअसल, जब पक्के रंगों से होली खेली जाती है तो कपड़ों का फैब्रिक और रंगों का काफी ध्यान रखना चाहिए। अगर आप ऐसा नहीं करते हैं तो मुश्किल में पड़ सकते हैं। गलत कपड़ों का चुनाव आपकी शर्मिंदगी का कारण बन सकते हैं।**



## ना पहनें काफी पुराने कपड़े

होली के लिए कपड़ों का चुनाव करते समय इस बात का खास ध्यान रखें कि आपके कपड़े ज्यादा पुराने ना हों। ज्यादा पुराने कपड़े कमजोर होने के कारण रंग पड़ने के बाद फट सकते हैं। होली खेलते वक्त ऐसे कपड़ों की सिलाई भी खुल सकती है।

## ना पहनें पारदर्शी कपड़े

पारदर्शी कपड़ों की वजह से आप शर्मिंदगी का शिकार हो सकती हैं। पानी वाली होली खेलने के वक्त आप अगर हल्के फैब्रिक वाले कपड़े पहनेंगी तो गीले होकर ये आपके शरीर से चिपकने लगेंगे, जिससे आप असहज महसूस करेंगी।

## ना पहनें एक दम टाइट कपड़े

आज के समय में लोग फिटिंग के कपड़े पहनना बेहद पसंद करते हैं। पर, होली खेलते वक्त ऐसा ना करें। अगर आप बेहद टाइट कपड़े पहनेंगी तो पानी पड़ने के बाद ये काफी खराब लगेंगे। ज्यादा कपड़े चिपकने की वजह से आपके शरीर में एलर्जी भी हो सकती है।

## साड़ी डाल सकती है मुश्किल में

वैसे तो साड़ी हर कार्यक्रम के लिए बेस्ट ऑप्शन होती है, पर गलती से भी होली खेलते समय साड़ी ना पहनें। पानी पड़ने के बाद साड़ी चिपकने लगेगी, जिसकी वजह से आपको परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए होली खेलते वक्त साड़ी ना पहनें।

# बैक स्क्रब : रखें पीठ का बेहतर ख्याल



**ओटमील से बनाएं बैक स्क्रब**
ओटमील और कॉफी की मदद से भी एक बैक स्क्रब तैयार किया जा सकता है। इसके लिए आप पहले ओटमील को दरदरा पीस लें। अब आप दो कप ओटमील, कॉफी ग्राइंडस और ब्राउन शुगर लेकर मिक्स कर लें। अब, इसमें कुछ चम्मच शहद और जैतून का तेल मिलाएं। अब आप पीठ पर मौजूद डेड स्किन सेल्स को हटाने के लिए इस स्क्रब का इस्तेमाल कर सकते हैं।

**पपीते से बनाएं बैक स्क्रब**
पपीते की मदद से भी एक बेहतरीन बैक स्क्रब बनाया जा सकता है। इसके लिए आपको 1/2 कप समुद्री नमक, 1/2 कप चीनी, 1/4 कप सूरजमुखी तेल, नींबू का रस, 2 बड़े चम्मच शुद्ध पपीता और कुछ बूंदे एसेंशियल ऑयल की जरूरत होगी। आप एक बाउल में इन सभी सामग्री को मिक्स करे। इसके बाद, आप नहाते समय इस होममेड स्क्रब की मदद से अपनी बैक को एक्सफोलिएट कर सकते हैं।

**बनाएं लेमन बैक स्क्रब**
इस बैक स्क्रब को तैयार करने के लिए एप्सम सॉल्ट में थोड़ा नींबू का रस और जैतून के तेल की कुछ बूंदों को मिलाएं। आप बैक स्क्रब बनकर तैयार है। इसे अपनी पीठ पर लगाएं और बेहद हल्के हाथ से रगड़ें। यह डेड स्किन सेल्स को रिमूव करने के साथ-साथ आपकी बैक की रंगत को निखारने में मदद करेगा। आप चाहें तो इस बैक स्क्रब में कुछ हर्ब्स जैसे लैवेंडर, थाइम या रोजमेरी भी मिला सकते हैं।

**सी-सॉल्ट से बनाएं बैक स्क्रब**
सी-सॉल्ट और जैतून के तेल की मदद से एक बैक स्क्रब बनाया जा सकता है। इसके लिए आप 1 कप सी सॉल्ट लें और उसमें आधा कप जैतून का तेल डालकर मिक्स करें। अंत में, आप इसमें एसेंशियल ऑयल की कुछ बूंदें मिक्स करें। अब आप अपनी बैक को स्क्रब करने के लिए इस पेस्ट का इस्तेमाल करें। आप हल्के हाथों से बैक की मसाज करते हुए स्क्रब करें।

# बदलते मौसम में स्किन की देखभाल जरूरी

**हम सभी अच्छा दिखना चाहते हैं, चाहे कोई भी मौसम हो। लेकिन सर्दियां खत्म होने के दौरान यानी स्प्रिंग सीजन में कई लोगों को स्किन एलर्जी की प्रॉब्लम शुरू हो जाती है। स्किन ड्राई और खुरदुरी होने लगती है, साथ ही फोड़े-फुंसियां, रैशेज, जलन जैसी स्किन प्रोब्लम्स भी होने लगती हैं।**

वसंत का आगमन स्किन एलर्जी वाले लोगों के लिए अक्सर समस्याएं लेकर आता है, जिसमें त्वचा की समस्याएं जैसे चकत्ते, जलन, खुजली जैसी स्किन प्रोब्लम्स शामिल हैं। चेहरे के साथ ही शरीर के अन्य अंगों में भी जलन, खुजली, रैशेज जैसी समस्याएं होने लगती हैं। जिन्हें स्किन एलर्जी की प्रॉब्लम है, उन्हें बदलते मौसम में अपनी त्वचा का खास ध्यान रखना चाहिए।

## स्किन एलर्जी की वजहें

हमारी स्किन और स्कैल्प पर जो कुछ भी लगाया जाता है, वह उसे अवशोषित कर लेते हैं। ऐसे में जरा सी भी लापरवाही या गलत प्रोडक्ट के इस्तेमाल से सेंसिटिव स्किन एलर्जी के रूप में तुरंत या कुछ समय बाद प्रतिक्रिया करती है। उदाहरण के लिए, आई मेकअप के कुछ प्रोडक्ट्स में मौजूद लेड से एलर्जी होने लगती है। इसी तरह ऑयली स्किन पर यदि सही प्रोडक्ट का इस्तेमाल नहीं किया गया तो मुंहासे, फोड़े- फुंसियां या रैशेज हो सकते हैं।

कभी-कभी एलर्जी इतनी गंभीर हो जाती है कि रेस्पिरेटरी सिस्टम को प्रभावित कर सकती है। जिन्हें स्किन एलर्जी की प्रोब्लम रहती है उन्हें कोई भी प्रोडक्ट इस्तेमाल करने से पहले पैच टेस्ट जरूर कराना चाहिए। साथ ही आयुर्वेदिक प्रोडक्ट्स का प्रयोग करना चाहिए।

एलर्जी होने पर यदि कोई गंभीर समस्या होती है, तो तुरंत स्किन स्पेशलिस्ट से कंसल्ट करें। हल्की एलर्जी होने पर आप घरेलू उपचार भी कर सकते हैं, फिर भी आराम न मिले तो स्किन स्पेशलिस्ट से उपचार कराएं।

## स्किन एलर्जी से बचने के घरेलू उपचार

एलर्जी से हुए फोड़े-फुंसियों पर चंदन का लेप लगाएं। या फिर चंदन पाउडर को थोड़े से गुलाब जल में मिलाकर एलर्जी वाले स्थान पर लगाएं। 20 से 30 मिनट बाद सादे पानी से धो लें।

गुलाब जल में टी ट्री ऑयल का इस्तेमाल स्किन एलर्जी में बहुत फायदेमंद है। इसके लिए दो बड़े चम्मच पानी या गुलाब जल में टी ट्री ऑयल की 2 बूंदें मिलाएं। इसे रैशेज, पिंपल्स, एक्ने या फोड़े-फुंसियों पर लगाएं।

दूध में थोड़ी सी हल्दी का पेस्ट मिलाएं और रैशेस वाली जगह पर लगाएं। दूध स्किन की गहराई से सफाई करता है और हल्दी के एंटीसेप्टिक गुण घाव को जल्दी ठीक होने में मदद करते हैं।



सेब का सिरका खुजली से राहत दिलाने में मदद करता है। इसमें एंटीसेप्टिक और एंटीफंगल गुण होते हैं, जो सनबर्न और डैंड्रफ में राहत देते हैं। रूई का उपयोग करके खुजली वाले एरिया पर कुछ बूंदें सेब का सिरका लगाएं। खुजली वाली त्वचा के लिए एक मग पानी में एक बड़ा चम्मच सिरका मिलाएं और इसे शरीर के प्रभावित हिस्से पर डालें।

एक मुट्ठी नीम के पत्तों को 4 कप पानी में एक घंटे के लिए बहुत धीमी आग पर उबालें। इसे रात भर छोड़ दें। अगली सुबह पानी को छान लें और पत्तों का पेस्ट बना लें। इसे दाने और सूजन वाले एरिया पर लगाएं। एलर्जी वाले एरिया को धोने के लिए इस पानी का उपयोग करें। नीम में कार्बनिक सल्फर कंपाउंड होते हैं, जो स्किन के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं।

मुल्तानी मिट्टी जैसी मिट्टी का ठंडा और सुखदायक प्रभाव होता है। गुलाब जल के साथ एक बड़ा चम्मच मुल्तानी मिट्टी मिलाएं। पेस्ट को एलर्जी वाले एरिया पर लगाएं और 15 से 20 मिनट बाद धो लें।



# ब्रेक मेरे लिए बहुत जरूरी था: नेहा कक्कड़

इंडियन आइडल शो की होस्ट रही नेहा कक्कड़ कई दिनों से टीवी शोज से दूर थीं। नेहा ने बताया कि क्यों वह इतने लंबे ब्रेक पर थीं। नेहा ने कहा, यह ब्रेक मेरे लिए बहुत जरूरी था क्योंकि मैं मेंटली और फिजिकली काफी थक गई थी। मैं उनमें से हूं जो जब भी कोई शो करती है तो उसमें अपना 100 प्रतिशत लगा देती है।

एक पॉइंट ऐसा आ गया था कि अब मेरे बस में कुछ नहीं था। मैंने इस इंडस्ट्री में कम उम्र से ही काम करना शुरू कर दिया था इसलिए अपने मेंटल और फिजिकल हेल्थ के लिए मुझे यह करना पड़ा, लेकिन अब मैं बैंग के साथ वापस आ गई हूं। पिछले साल नेहा के तलाक की खबरें आई थीं और उसके बाद कुछ दिनों पहले ही खबरें आईं कि नेहा प्रेग्नेंट हैं। इस पर सिंगर ने कहा, मेरी जबसे शादी हुई है तबसे सिर्फ 2 अफवाहें आ रही हैं। एक मैं प्रेग्नेंट हूं और दूसरा कि मेरा तलाक हो रहा है। बहुत दुख होता है ऐसी बातें सुनकर। लोग गॉसिप के लिए कुछ भी बोलते हैं। लेकिन मैं कोशिश करती हूं इन सब पर ध्यान ना दूं क्योंकि मुझे पता है सच क्या है।

जब पूछा गया कि क्या शादी के बाज उका फोकस काम से हटकर परिवार की तरफ चला गया है तो उन्होंने कहा, मेरा फोकस परिवार और पति की तरफ ज्यादा था कुछ समय से, लेकिन अब मैं वापस काम पर फोकस कर रही हूं। मेरे पति को जो समय और अटेनशन चाहिए था वो मिला और अब क्योंकि हमारी शादी को 3 साल हो गए हैं तो मैंने सोचा कि वापस काम पर फोकस करें।बता दें कि नेहा ने साल 2021 में रोहनप्रीत से शादी की थी। नेहा के लंबे ब्रेक के बीच कभी उनकी प्रेग्नेंसी की खबर आई तो कभी तलाक की। अब नेहा ने इन अफवाहों से लेकर ब्रेक तक के बारे में बात की।



# सलमान अपने फैंस को अब पेंटिंग के जरिए करेंगे खुश

बालीवुड के सुपर स्टार सलमान खान अब आर्ट कंपनी आर्टफी के साथ हाथ मिलाकर अपने पेंटिंग के जरिए भी दुनियाभर में चाहने वाले अपने फैंस को खुश करेंगे। इंडियन फैन के लिए सलमान खान का ये फैसला खुश करने वाला है। दरसल, पहली बार, सलमान खान की पेंटिंग्स, जिनमें यूनिटी 1 और यूनिटी 2 नाम के जाने माने डिप्टीच में शामिल हैं। सलमान जैसे वह फिल्मो में अपने किरदार से लोगो को दीवाना बनाते हैं, वैसे ही अब अपनी पेंटिंग के जरिये वह लोगो को दीवाना बनाएंगे। आर्टफी यूनिटी 1 और यूनिटी 2 को 10,000 भागों में बांटेगा, जिससे हर कोई इनके ओनरशिप में आंशिक रूप से मालिक बन सकेगा। सलमान खान के विचार- मुझे इस कार्यक्रम में आर्टीफी के साथ जुड़कर बहुत खुशी है, जिसके जरिए मेरी पेंटिंग को हासिल करने का मौका दर्शकों को मिल रहा है। सलमान खान ने अपने कोट में कहा है, मैं आर्टीफी के इस कार्यक्रम में आर्टीफी के साथ जुड़कर बहुत खुश हूं, जिसके जरिए मेरे आर्ट को हासिल करने का मौका मिल रहा है, और मुझे ये देखकर खुशी है कि इससे मेरे आर्ट को दुनिया भर के लोगों के साथ बांटा जाएगा। बता दें कि सलमान खान को न सिर्फ फिल्मो में उनके योगदान के लिए बल्कि उनके परोपकारी प्रयासों और पेंटिंग के प्रति जुनून के लिए भी पहचाना जाता है। बी-टाउन के सबसे चहेते खांस में से एक सलमान खान की दुनिया भर में बहुत बड़ी फैन फॉलोइंग है। उन्हें हर उम्र के लोग पसंद करते हैं।




# मैंने एनिमल नहीं देखी, बेटियों ने मना किया : खुशबू

बालीवुड फिल्म एनिमल के कॉन्टेंट पर कई लोग आपत्ति जता चुके हैं। अब एक्टर-पॉलिटीशियन खुशबू सुंदर भी इस पर बोली हैं। जब एक्ट्रेस से एनिमल फिल्म के बारे में पूछा गया तो उन्होंने इंट्रेस्टिंग बात बताई। खुशबू बोलीं कि उनकी बेटियों ने मना किया था कि वह यह फिल्म न देखें। खुशबू सुंदर टीवी9 की समिट में थीं। वहां उन्होंने बताया कि रणबीर कपूर स्टारर मूवी एनिमल उन्होंने नहीं देखी है। खुशबू बोलती हैं, नैशनल कमिशन फॉर विमिन के सदस्य के तौर पर मैंने कई हैरासमेंट, प्रताड़ना, मैरिटल रेप और ट्रिपल तलाक के केसेज देखे हैं जबकि यह गैरकानूनी है। खुशबू बोलती हैं, अगर एनिमल जैसी महिला विरोधी फिल्म कमाई कर रही है, बॉक्स ऑफिस गॉर्सर में से एक है तो हमें उन लोगों के दिमाग के बारे में सोचना चाहिए जिन्होंने फिल्म को सक्सेसफुल बनाया। खुशबू ने कहा कि इसमें निर्देशक की गलती नहीं है। वह बोलती हैं, हमें कबीर सिंह और अर्जुन रेड्डी से दिक्कत थी। पर मैं डायरेक्टर को दोष नहीं देती, क्योंकि उनके लिए मैं सोचती हूं कि मूवी की सफलता ही मायने रखती है। हम फिल्मों में वही दिखा रहे हैं जो फिल्मों में दिख रहा है। हम महिलाओं के सम्मान की बात करते हैं फिर भी ऐसी फिल्में देखते हैं। खुशबू ने कहा, मैं नहीं चाहती थी कि मेरी बेटियां ये फिल्म देखें। लेकिन उन्होंने देखी क्योंकि जानना चाहती थीं कि फिल्म में आखिर है क्या। फिल्म देखकर आईं और बोलीं, अम्मा, प्लीज आप फिल्म मत देखना। जब ऐसी फिल्मों को बार-बार देखने वाले लोग मिल जाते हैं तो सोचिए कि हम कहां जा रहे हैं। बता दें कि संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म एनिमल को रिलीज हुए ढाई महीने से ज्यादा वक्त बीत चुका है लेकिन अभी भी सुर्खियों में है। मूवी 1 दिसंबर 2023 को रिलीज हुई थी। इसने बंपर कमाई की, अवॉर्ड जीते और कॉन्ट्रोवर्सी में भी रही।

# आदित्य चोपड़ा और रोहित शेट्टी का आभारी हूं: अर्जुन कपूर

बालीवुड एक्टर अर्जुन कपूर का कहना है कि नकारात्मक भूमिकाएँ निभाने की उनकी क्षमता पर विश्वास करने के लिए वह अपने गुरुओं आदित्य चोपड़ा और रोहित शेट्टी के आभारी हैं। अर्जुन कहते हैं, ऋमैंने इश्कजादे, औरंगजेब जैसी फिल्मों में नकारात्मक किरदार निभाकर इंडस्ट्री में अपना करियर शुरू किया और इतने सालों के बाद, मैं सिंघम अगेन में एक खलनायक की भूमिका निभा रहा हूं। जबकि उस समय आदित्य चोपड़ा ने मुझमें ऐसे किरदार निभाने की क्षमता देखी थी जो त्रुटिपूर्ण हों, अब, मैं इस विश्वास के लिए रोहित शेट्टी का आभारी हूं कि मैं उनकी महत्वाकांक्षी और बहुचर्चित कॉप यूनिवर्स फिल्म में एक खलनायक की भूमिका निभा रहा हूं! रोहित शेट्टी ने मुझमें विश्वास जगाया और हर कदम पर एक मार्गदर्शक रहे है!' अर्जुन कहते हैं, ये दोनों लोग मेरे फिल्मी करियर में सच्चे गुरु रहे हैं और मैं आभारी हूं कि रोहित शेट्टी जैसे हिट-मशीन फिल्म निर्माता का मानना है कि मैं सिंघम अगेन में खलनायक की भूमिका निभाकर लोगों को चौंका सकता हूं। अर्जुन कहते हैं, मैं हमेशा से स्क्रीन पर प्रयोग करना चाहता था और दर्शकों को कुछ अलग देखने को देना चाहता था।

इसलिए, सिंघम अगेन में पुलिस के कट्टर दुश्मन की भूमिका निभाना मेरे लिए एक रोमांचक अवसर है वह आगे कहते हैं, ऋजैसा कि मैंने कहा, जब मैं सिंघम अगेन के सेट पर होता हूं तो ऐसा लगता है जैसे मेरे करियर का सर्कल पूरा हो गया है। मुझे अपने करियर की शुरुआत में नकारात्मक किरदार निभाकर बहुत प्यार मिला और मैं सिंघम अगेन के साथ भी वैसा ही और अधिक प्यार पाना चाहता हूं।अभिनेता का कहना है कि रोहित शेट्टी की फिल्म में खलनायक की भूमिका निभाना उनके लिए रोमांचकारी है क्योंकि इससे उन्हें एक अभिनेता के रूप में भी प्रयोग करने का मौका मिला।





# उर्वशी ने काटा तीन करोड का बर्थडे केक, हुई ट्रोल

विगत 25 फरवरी को एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला ने अपना 30वां जन्मदिन मनाया। अभिनेत्री द्वारा जन्मदिन समारोह की तस्वीरें साझा करने के बाद नेटिज़ेंस ने टिप्पणियों में दोनों को ट्रोल किया। रौतेला ने अपना जन्मदिन का केक काटकर मनाया, जिसकी कीमत कथित तौर पर सिंह द्वारा उपहार में दिया गया 3-स्तरीय सोने का केक था, जिसकी कीमत कथित तौर पर 3 करोड़ थी। सिंह केक काटने की रस्म में अभिनेत्री के साथ शामिल हुए। रौतेला ने अपने पोस्ट में लव डोज 2 के सह-कलाकार को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। आपके अथक प्रयासों और मेरे लिए सच्ची चिंता ने मेरे करियर में एक शानदार अध्याय तैयार किया है। वहीं, रैपर हनी सिंह ने कहा, 'मैंने उसे 3 करोड़ रुपये का केक भेंट करके इस विशेष अवसर को एक अनोखे भाव से चिह्नित करने का फैसला किया।

मैं चाहता हूं कि यह सहयोग, केक काटने का यह क्षण इतिहास में सबसे खास चीज के रूप में दर्ज हो जो किसी ने अपने सह-कलाकार के लिए किया हो। वह अपने काम में शानदार है और वह इस तरह के व्यवहार की हर तरह से हकदार है। हैरानी की बात यह है कि इस घटना पर सोशल मीडिया पर कई मीम्स और मजेदार टिप्पणियां आईं। नेटिज़न्स ने दोनों को जमकर ट्रोल किया। एक ने पूछा, 'इसको खाना है या रखा?'

एक अन्य यूजर ने कहा, 'तो आपके पालतू जानवर में तो सोना ही सोना होगा।' एक तीसरे व्यक्ति ने लिखा, 24 कैरेट असली सोने का केक काटने वाली भारत की पहली महिला। एक नेटीजन यह जानने को उत्सुक था कि केक कहां है। उन्होंने पूछा, 'काटने के बाद तुमने इस केक का क्या किया है?' एक्ट्रेस के सह-कलाकार यो यो हनी सिंह ने 24 कैरेट सोने के जन्मदिन के केक पर करोड़ों रुपये खर्च किए जिसके बाद इंटरनेट पर सनसनी फैल गई।

# अंजलि तत्रारी को 'वंशज' में अपना नया लुक पसंद आया

शो 'वंशज' में युविका की सरल भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री अंजलि तत्रारी अब शो में बोल्ड अवतार में दिख रहीं हैं।

शो 'वंशज' में युविका की सरल भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री अंजलि तत्रारी अब शो में बोल्ड अवतार में दिख रहीं हैं। शो में एक साल के लीप और अपने किरदार युविका की चौंकाने वाली मौत के बाद अंजलि ने युविका की हमशक्ल युक्ति मुल्तानी के किरदार में अपनी नई यात्रा शुरू की है। शो में पहले युविका के रूप में अंजलि को एक साधारण अवतार में देखा गया था, जिसमें वह भारतीय परिधान पहनती थीं, लेकिन अब वह इसके विपरीत बोल्ड अवतार में नजर आ रही हैं। वह अब ब्लेजर और कई तरह की एलीगेंट ड्रेस में नजर आती हैं। अपने नए लुक को लेकर अंजलि ने कहा, 'युक्ति का किरदार निभाना मेरे लिए एक बड़ा बदलाव है। मैं इसको लेकर बेहद उत्साहित हूं। युक्ति के रूप में मेरा नया लुक युविका से बिल्कुल अलग है। युविका का किरदार बेहद साधारण था। मगर युक्ति शो में बोल्ड अंदाज में दिख रही है। वह ट्रेंडी आउटफिट पहन रही है। उन्होंने कहा, 'एक कलाकार के रुप में अलग-अलग लुक को अपनाना अविश ?वसनीय रूप से रोमांचक है। मुझे इसका हर हिस्सा पसंद आ रहा है। युक्ति का स्वैग और बॉस लेडी वाइब कुछ ऐसी चीजें हैं, जिन्हें चित्रित करने में मुझे मजा आ रहा है।' 'वंशज' सोनी सब पर प्रसारित होता है।





# रणवीर सिंह बनेंगे पिता

दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह जल्दी ही माता- ?पिता बनने वाले हैं। उनके घर में जल्द ही नन्हें बच्चे की किलकारियां गूंजने वाली हैं। इस खुशखबरी को अभिनेत्री ने खुद ही पोस्ट के जरिए शेयर किया है। इसे देखते ही दीपिका को ढेरों बधाइयां मिल रही हैं। जानकारी के मुता ?बिक गुरुवार को दीपिका पादुकोण ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज पर अपनी प्रेग्नेंसी की खबर जारी की। उन्होंने एक फीचर इमेज शेयर करते हुए कहा कि उनका बेबी सितंबर 2024 में आ रहा है। बॉलीवुड स्टार जोड़ी दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह अपने पहले बच्चे का स्वागत के लिए उत्साह से भरे हुए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दीपिका का सेकंड ट्रिमिस्टर फेज चल रहा है और उनकी डिलीवरी सितंबर 2024 में होने वाली है। इससे पहले कहा जा रहा था कि दीपिका पादुकोण प्रेग्नेंट हैं और अब खुद ही अभिनेत्री ने इस गुड न्यूज को बता दिया है। दीपिका की प्रेग्नेंसी को लेकर तबसे लगातार खबरें आ रही थीं जब उनका 77वें ब्रिटिश अकादमी फिल्म अवाड्र्स (बाफ्टा) में रेड कार्पेट पर साड़ी पहने बेबी बंप दिख रहा था।

बता दें ?कि इससे पहले भी दीपिका ने वोग से बेबी प्लानिंग को लेकर कुछ बातें बयां की थी। तब उन्होंने बताया है कि उन्हें और रणवीर को बच्चे पसंद हैं और वो उस दिन का इंतजार कर रहे हैं, जब अपना परिवार शुरू करेंगे। एक इंटरव्यू में भी दीपिका ने अपनी प्रेग्नेंसी पर कन्फर्मेशन दे दी थी और अब उन्होंने सोशल पेज पर अनाउंसमेंट किया है। बता दें ?कि दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह की मुलाकात संजय लीला भंसाली की फिल्म 'रामलीला' के सेट पर हुई थी। नवंबर 2018 में शादी करने से पहले उन्होंने पांच साल तक डेट किया था और अब वे पेरेंट्स बनने जा रहे हैं।

# ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 4859 करोड़ रुपए के बजट को दी मंजूरी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बोर्ड ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट पर मुहर लगा दी है। प्राधिकरण बोर्ड ने इस वित्तीय वर्ष के लिए 4859 करोड़ रुपए के बजट को मंजूरी दी है। इस वर्ष जमीन अधिग्रहण पर 1200 करोड़ रुपए और विकास एवं निर्माण कार्यों पर 1272 करोड़ रुपए का बजट निर्धारित किया है। इसके साथ ही इस वित्तीय वर्ष में 5860 करोड़ रुपए की प्राप्ति का भी लक्ष्य रखा है।




उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास आयुक्त और नोएडा- ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की 134 में बोर्ड बैठक संपन्न हुई, जिसमें ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार, नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉक्टर लोकेश एम. यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ मेधा रूपम व सौम्य श्रीवास्तव सहित कई वरिष्ठ अधिकारीगण और बोर्ड के सदस्य शामिल हुए। इस बोर्ड बैठक में प्रमुख रूप से वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए प्रस्तावित बजट पर चर्चा की गई। बोर्ड ने बजट प्रस्ताव पर मंजूरी दे दी है।वर्ष 2023-24 में पूर्व में चले आ रहे ऋणों के भुगतान के मद में माह 31 जनवरी 2024 तक 1272 करोड़ का भुगतान किया गया है। 31 जनवरी 2024 तक 1317 करोड़ की प्राप्तियां हुई हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय-व्ययक के सापेक्ष 31 जनवरी, 2024 तक 1448 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया। वहीं 2024-25 में आवंटनों की किश्तों से और नई प्रस्तावित योजनाओं एवं डिफाल्ट धनराशि की वसूली से 5860 करोड़ के राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य रखा गया है। इसी तरह वित्तीय वर्ष 2024-25 में भू-अधिग्रहण, अतिरिक्त प्रतिकर के भुगतान, जेवर हवाई अड्डा में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का अंशदान, मेट्रो रेल एवं आधारभूत अवस्थापना सुविधाओं के विकास आदि के लिए 1500 करोड़ रुपए का भुगतान का प्रस्तावित है। 2024-25 में भू-अधिग्रहण, विकास एवं निर्माण कार्यों में 2472 करोड़ के व्यय का प्रस्ताव है। वर्ष 2024-25 में आन्तरिक विकास कार्यों के लिए 120 करोड़, बाह्य विकास कार्यों के लिए 120 करोड़, निर्माण कार्य में पूर्व में बनाये जा रहे आवासीय भवनों की अवशेष धनराशि एवं वेन्डर मार्केट का निर्माण एवं दुकानें / क्योस्क के लिए 58.60 करोड़ का व्यय प्रस्तावित है। विशेष परियोजनाओं के लिए 930.67 करोड़, उद्यानीकरण के लिए 43 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे, जिसमें मुख्यत: फुटओवर ब्रिज, अंडरपास, एसटीपी, विद्युत सबस्टेशन, नये कॉलेज के निर्माण, ग्रेनो वेस्ट में अस्पताल / हेल्थ सेन्टर, अल्फा मार्किट का पुनर्विकास, कासना सुरजपुर का पुनर्विकास कार्य, बस शेल्टर, गंगाजल का अवशेष कार्य आदि शामिल हैं। वर्ष 2024-25 में उद्यानीकरण के विकास कार्यों पर 43 करोड़ रुपए के खर्च प्रावधान किया गया है। ग्राम विकास के मद में 520 करोड़ रुपए, अर्बन / स्वास्थ्य सेवाओं पर 957 करोड़ रुपए का भुगतान भी प्रस्तावित है। इस साल 1500 करोड़ रुपए के लोन का भुगतान करने का भी लक्ष्य है।

### आठ साल बाद बढ़ा सफाईकर्मियों का वेतन

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बोर्ड ने सफाई कर्मियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरी कर दी है। बोर्ड ने सफाई कर्मियों के वेतन में लगभग 25 फीसदी तक की वृद्धि कर दी है। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष सफाई कर्मियों का वेतन 20604 रुपए प्रति माह करने का प्रस्ताव प्रमुखता से रखा, जिस पर बोर्ड ने मुहर लगा दी है। वर्ष 2016 के बाद पहली बार सफाई कर्मियों के वेतन में वृद्धि की गई है। इससे वर्तमान समय में ग्रेटर नोएडा के सफाई कार्यों में लगे 2141 सफाई कर्मियों को लाभ मिलेगा।

### फ्लैट बॉयर्स का सपना होगा पूरा

**फ्लैट खरीदारों को उनके सपने का आशियाना दिलाने के लिए बनी अमिताभ कांत समिति की सिफारिशों के क्रम में प्राधिकरण ने खरीदारों के हक में रजिस्ट्री का शुभारंभ कर दिया है। शुक्रवार को 110 फ्लैटों की रजिस्ट्री संपन्न की गई। फ्लैटों की रजिस्ट्री के लिए ग्रेटर नोएडा के 9 बिल्डरों ने लगभग 35 करोड रुपए भी प्राधिकरण के खाते में जमा कर दिए हैं। इससे 10283 फ्लैटों की रजिस्ट्री का रास्ता साफ हो गया।**

## श्रीपाल प्रधान ने ठोंकी सपा से टिकट की दावेदारी

**नोएडा (चेतना मंच)।** गौतमबुद्धनगर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता श्रीपाल प्रधान ने दावेदारी पेश की है। उन्होंने विधिवत रूप से आवेदन पत्र दाखिल कर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से उन्हें प्रत्याशी बनाए जाने की मांग की है।




सेक्टर 29 स्थित नोएडा मीडिया क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए समाजवादी नोएडा ग्रामीण के निवर्तमान अध्यक्ष महेंद्र यादव ने बताया कि ग्राम असगरपुर निवासी प्रधान श्रीपाल अवाना ने गौतमबुद्धनगर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। उन्होंने बाकायदा अपना आवेदन पत्र राष्ट्रीय कार्यालय में जमा कर दिया है। उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व ने अगर प्रधान श्रीपाल अवाना को यहां से प्रत्याशी बनाया तो समाजवादी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उन्हें जिताने का पूरा प्रयास करेंगे।

लोकसभा टिकट की दावेदारी पेश करने वाले प्रधान श्रीपाल अवाना ने बताया कि वह पिछले 27 वर्षों से समाजवादी पार्टी से जुड़े हुए हैं। इस दौरान वह विभिन्न पदों पर पार्टी में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। नोएडा महानगर व नोएडा ग्रामीण महानगर की कार्यकारिणी में उन्होंने सचिव तथा जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी का निर्वाहन किया है। उन्होंने बताया कि वह पूरे गौतम बुद्ध लोकसभा क्षेत्र से अच्छी तरह वाकिफ हैं। पार्टी नेतृत्व ने उन्हें अगर यहां से प्रत्याशी बनाया तो वह मजबूती से लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे। बता दें कि श्रीपाल अवाना के भाई राजपाल अवाना दो बार असगरपुर गांव के ग्राम प्रधान रह चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने ने भी दो बार प्रधानी का चुनाव लड़ा है।

## बच्चू सिंह बने एडीएम ( एलए ), बलराम सिंह को मेरठ में अपर आयुक्त बनाया



**नोएडा (चेतना मंच)।** पीसीएस अधिकारी बच्चू सिंह को गौतमबुद्ध नगर में एडीएम-एलए बनाया है। वह इससे पहले भी गौतमबुद्ध नगर में तैनात थे। अब दोबारा से उनको गौतमबुद्ध नगर जिले में बड़ी जिम्मेदारी मिली है। इससे पहले बच्चू सिंह मेरठ मंडल में अपर आयुक्त पद पर तैनात थे। उनके स्थान पर गौतमबुद्ध नगर में एडीएम-एलए पद पर तैनात बलराम सिंह का तबादला मेरठ मंडल में किया गया है।

**मेरठ में अपर आयुक्त के पद पर तैनात थे बच्चू सिंह**

बच्चू सिंह ने अपने करियर की शुरुआत वर्ष 2012 से की थी। वह सबसे पहले गौतमबुद्ध नगर में डिप्टी कलेक्टर के रूप में तैनात थे। उसके बाद उनको सितंबर 2015 में सिटी मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी मिली। उनका ट्रांसफर सितंबर 2016 में अलीगढ़ हो गया था। वहां पर उन्होंने करीब डेढ़ साल तक सरकारी सेवाएं दी। उसके बाद उनका ट्रांसफर शाहजहांपुर में हो गया था। अगस्त 2018 में वह दोबारा से गौतमबुद्ध नगर जिले में आए। उनको गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय का रजिस्ट्रार नियुक्त किया गया। फिलहाल वह इस समय मेरठ मंडल में एडिशनल कमिश्नर के पद पर तैनात थे।

## नि:शुल्क हेल्थ कैंप का सैकड़ों ने उठाया लाभ




**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा महानगर कांग्रेस अध्यक्ष रामकुमार तंवर व जे पी हॉस्पिटल के सयुक्त योगदान से बिशनपुरा सेक्टर-58 में हेल्थ चेकअप का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर रामकुमार तंवर ने कहा कि इस मंहगाई के दौर में जहां बेरोज़गारी असमान छू रही है ऐसे समय में बीमारी का इलाज करा पाना ग़रीब व मध्य वर्ग के लिए एक बहुत बड़ी समस्या बन चुकी है। आज देश में अधिकतर लोग इलाज के अभाव में अपने प्राण दे रहे हैं। आपातकालीन स्थिति में गरीबों को थोड़ा सा सहायता प्रदान करने हेतु इस हेल्थ चेकअप का आयोजन किया गया।

हेल्थ चेकअप में मुख्य तोर पर सामान्य रोग,हृदय रोग, हड्डी रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, दंत रोग,नेत्र रोग, ब्लड प्रेशर, रैंडम ब्लड प्रेशर, ईसीजी, बी.एम.डी.आदि की सुविधा आम जनता को दी गई।

## आबकारी विभाग ने पकड़े शराब तस्कर

**नोएडा (चेतना मंच)।** आबकारी विभाग ने शराब की तस्करी करते दो को गिरफ्तार किया है। जिला आबकारी अधिकारी गौतम बुद्ध नगर सुबोध कुमार ने जानकारी देते हुये बताया कि विगत



दिवस आबकारी टीम गौतमबुद्धनगर द्वारा सेक्टर 10 के पार्क के अंदर खंडहर के पास दविश देकर आशिफ पुत्र अजहर को 45 पव्वें कैटरीना ब्रांड के अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना फेज 1 में एफआईआर दर्ज कराया गया है। आबकारी टीम ने दबिश के दौरान थाना सैक्टर 113 स्थित सेक्टर 112 के गेट न. 2 से एक व्यक्ति रामशंकर पुत्र ठाकुरदास निवासी सागरपुर थाना भोजीपुरा जिला बरेली हाल पता राजू का मकान ग्राम सोरखा थाना सेक्टर 113 नोएडा को 72 अददे विदेशी शराब मार्का के साथ गिरफ्तार किया गया।

**SAHARA BUILDER & PROPERTIES™**
ISO 9001:2008
**PROPERTIES AVAILABLEFORSALE IN GREATER NOIDA**

RESIDENTIAL

| S.No | Plot Size | House No./Block | Price | Other Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 300 Sq.mtr | C-291, Sigma - 02 | 92 Lakh | Completion, S/W |
| 2 | 200 Sq.mtr | G-660, Alpha - 02 | 1.25 Cr. | Completion,N/E & 18 MTR Road |
| 3 | 60 Sq.mtr | G-439, Gamma - 02 | 52 Lakh | Single Story, Corner(18X12),N/E |
| 4 | 1265 Sq.ft | Silver City - 02, PI-1 | 55 Lakh | 2+1 BHK Apartment |
| 5 | 29.76 Sq.ft | 3TF/Block-60, Sector - 10 | 9 Lakh | 1 BHK, Top Floor |
| 6 | 2450 Sq.ft | Royal Apartment(Duplex), Sigma - 04 | On Request | 4BHK, Low rise, Lift |
| 7 | 237 Sq.mtr | C-363, Sector - 03(EXTN) | 1.40 Cr. | 50% Completion, Corner, N/ W |
| 8 | 110 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 23000/Sq.Mtr. | Corner Plot |
| 9 | 131 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 23000/Sq.Mtr. | Corner Plot |
| 10 | 930 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 14000/Sq.Mtr. | Corner Plot |

COMMERCIAL

| S.No | Shop Size | Complex Address | Price | Other Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 29.5 Sq.mtr | Block - C, Alpha - 01 | 95 Lakh | G.Floor, Corner, N/E |
| 2 | 463 Sq.ft | NQI Plaza, Alpha - 01 | 95 Lakh | G.Floor, N/E |
| 3 | 19.5 Sq.mtr | Kadamba Shopping Complex, Gamma -01 | 40 Lakh | G.Floor, N/W |
| 4 | 8.15 Sq.mtr | Kiosk, P-3 | 22 Lakh | 24 Mtr Road, N/W |

CONTACT US : +919810441077, +919710441077
Add- Office No. 205, Sunrise Tower, Alpha 1 Commercial Belt, Gr.Noida, G.B.Nagar, U.P-2010308

